CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 5 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 21 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# नितिन नवीन मेरे बॉस, मैं पार्टी का कार्यकर्ता: नरेंद्र मोदी

## दिल्ली में बीजेपी हेड क्वार्टर में नितिन नवीन की भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर हुई ताजपोसी, अमित शाह राजनाथ सिंह जेपी नड्डा नितिन गडकरी सहित कई नेता रहे मौजूद।





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी ने सिर्फ 45 साल के नितिन नवीन को अपनी पार्टी का प्रमुख चुनकर देश की राजनीति को एक बार फिर नई दिशा देने की कोशिश की है। इस साहसिक पूर्ण निर्णय से भाजपा ने देशवासियों को यह संदेश देने की कोशिश की है कि भारतीय जनता पार्टी परिवारवाद में विश्वास नहीं करती बल्कि एक छोटे से छोटे कार्यकर्ता की खूबी को पहचान कर उसे बड़े पद पर बिठाने में देरी नहीं करती । नवीन सिर्फ 45 साल के हैं लेकिन मंगलवार को वे दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष बन गए इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नवीन के सम्मान में कहा कि आज से नितिन नवीन मेरे बॉस और मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं मंगलवार को नितिन नवीन की विधिवत रूप से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हुई और उन्होंने अपना कार्य भार संभाल लिया। इस मौके पर बीजेपी हेड क्वार्टर में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े नेता मौजूद रहे। इस मौके पर नितिन नवीन के परिजन भी मौके पर मौजूद थे भारतीय जनता पार्टी के देश भर से आए नेता भी इस विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए गृहमंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जेपी नड्डा नितिन गडकरी इत्यादि सभी बड़े नेता मौजूद रहे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में भारतीय जनता पार्टी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 150वी जयंती, वाजपेई की 125 वी जयंती और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष में ऐतिहासिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई, लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जैसे नेताओं ने भाजपा को जीरो से शिखर तक पहुंचाया, नितिन गडकरी और वेंकैया नायडू ने पार्टी के संगठन में सहयोग दिया। राजनाथ सिंह के समय भारतीय जनता पार्टी को पहली बार बहुमत मिला। अमित शाह के समय पार्टी को दूसरी बार बहुमत मिला और जेपी नड्डा के समय भाजपा ने पंचायत से संसद तक का सफर पूरा किया। अब नितिन नवीन अपने संगठनात्मक अनुभव और युवा शक्ति के दम पर पार्टी को और आगे लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज से मेरे बॉस नितिन नवीन है और मैं पार्टी का कार्य करता हूं कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोग सोचते हैं कि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं, 50 साल के मुख्यमंत्री बन गए थे और 25 साल से सरकार के मुखिया हैं यह सब अपनी जगह हैं लेकिन बड़ी बात यह है कि वह पार्टी के कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनो से पार्टी में संगठन चुनाव की जो प्रक्रिया चल रही थी वह आज पूरी हो गई है नितिन नवीन युवा है और उनके पास संगठन का भी अच्छा अनुभव है इन्होंने देश में सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक बदलाव भी देखे हैं और रेडियो से एआई तक का सफर भी देख रहे हैं उनके पास युवा शक्ति है इसलिए पार्टी ने उन पर भरोसा जताकर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद नितिन नवीन को भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया उन्हें मिठाई खिलाई और अच्छे कार्यकाल की शुभकामनाएं दी इस मौके पर पार्टी के सभी बड़े नेताओं ने नितिन नवीन को उनके अच्छे कार्यकाल की शुभकामनाएं दी बीजेपी हेडक्वार्टर में पार्टी जनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई आतिशबाजी भी की गई और देश के अलग-अलग राज्यों से आए पार्टी जनों ने पार्टी कार्यालय में नाच गान करके जश्न मनाया।

## नितिन नवीन की ताजपोसी पर राजस्थान भाजपा कार्यालय में भव्य उत्सव, हुई आतिशबाजी

भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के निर्विरोध निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जेपी नड्डा जिंदाबाद,नितिन नबीन जिंदाबाद के नारों के साथ खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भजनलाल सरकार के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्विरोध निर्वाचन पर समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा परिवार की ओर से नितिन नबीन जी को बहुत-बहुत बधाई। आज हिन्दुस्तान के राजनीतिक इतिहास में नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। 45 वर्षीय भाजपा को 45 वर्षीय युवा नेतृत्व मिला है, जो राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रप्रेम और अमृत काल में देश को गौरव की ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी को आज नया और ऊर्जावान नेतृत्व मिला है।राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी नए आयाम स्थापित करेगी। भाजपा देश की वह पार्टी है जो देश के युवाओं को साथ लेकर चलती है। युवा नेतृत्व के माध्यम से देश में नई ऊर्जा का संचार होगा। टीएसपी क्षेत्र सहित पूरे देश में युवा राष्ट्र निर्माण की दिशा में मजबूती से कार्य करेंगे। भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन से देशभर के युवाओं में नया जोश देखने को मिल रहा है। भाजपा में कार्य और सेवा के आधार पर अवसर मिलता है, जबकि अन्य दल परिवारवाद पर आधारित हैं। भाजपा ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि यह युवाओं की पार्टी है। आने वाले समय में संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल के साथ पार्टी और अधिक सशक्त होगी। इस दौरान भाजपा के प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री अजीत माढण, अपूर्वा सिंह, भाजपा कार्यालय सचिव मुकेश पारीक, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गेरा, जयपुर जिला अध्यक्ष अमित गोयल, भाजपा मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, आईटी प्रभारी अविनाश जोशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भजनलाल शर्मा के बड़े फैसले से भवन निर्माता और बजरी कारोबार से जुड़े लोगों के चेहरे खिले

**भजनलाल सरकार की नई खनिज नीति से टोंक जिले में बजरी खनन के लिए 7 लीज को मिली सरकार की हरी झंडी, 50 से 100 हेक्टर क्षेत्र में बजरी खनन का कार्य शुरू अब जयपुर और आसपास के जिलों में बजरी के दामों में आएगी भारीगिरावट**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार की नई खनिज नीति से प्रदेश के टोंक जिले में बजरी खनन के लिए 7 नई लीज को खनन विभाग से अनुमति मिलने के बाद यहां 50 से 100 हेक्टेयर क्षेत्र में बजरी खनन का कार्य शुरू हो गया है इसलिए अब जयपुर और आसपास के जिले में भवन निर्माता को काफी राहत मिलेगी क्योंकि अभी जयपुर और आसपास के जिलों में बजरी हजार से 1200 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से मिल रही थी क्योंकि टोंक जिले में खनन कार्य नहीं होने की वजह से बाहर से बजरी महंगी दर पर जयपुर और आसपास के जिलों में पहुंच रही थी लेकिन अब जिस तरह से टोंक जिले में बजरी खनन के लिए 7 नई लीज को खनिज विभाग की मंजूरी मिली है उसके बाद मंगलवार से ही इन सभी जगह पर बजरी खनन का कार्य शुरू हो गया है



भजनलाल सरकार के इस निर्णय से बजरी कारोबार से जुड़े लोगों के चेहरे पर भी खुशी छा गई है क्योंकि इन लोगों का कहना है कि महंगी दर से बजरी बाहर से मंगवाई जा रही थी इसलिए भवन निर्माण काफी महंगा पड़ रहा था जिन लोगों को मकान बनाने की अर्जेंट जरूरत थी वे लोग हीबजरी खरीद रहे थे इसके अलावा रियल एस्टेट के कारोबार से जुड़े लोगों को भी उनके प्रोजेक्ट काफी महंगे साबित हो रहे थे इसलिए लोग महंगे प्रोजेक्ट खरीदने के लिए भी ज्यादा सोच विचार किया करते थे अब जिस तरह से टोंक जिले में फिर से बजरी खनन के लिए सरकारी अनुमति मिली है उसके बाद जयपुर में भवन निर्माण करने वाले लोगों और बजरी खनन का ट्रांसपोर्ट करने वाले कारोबारी तथा रियल स्टेट कारोबार से जुड़े लोगों के चेहरों पर खुशी छा गई है जानकार लोगों का कहना है कि जयपुर और आसपास के जिलों में भवन निर्माण और अन्य निर्माण प्रोजेक्ट के लिए ज्यादातर टोंक जिले से ही बजरी मंगवाई जाती है लेकिन टोंक जिले में बजरी खनन सरकारी प्रतिबंध की वजह से ठीक तरह से संपादित नहीं हो पा रहा था चोरी छुपे जरूर बजरी खनन कहीं-कहीं हो रहा था इसलिए बजरी का उत्पादन नहीं होने की वजह से जयपुर और आसपास के जिलों में बजरी काफी महंगी दर पर बिक रही थी जिसमें कहीं पर 800 रुपए तो कहीं पर 1000 रुपए तो कहीं पर बजरी की कीमत 1200 रुपए प्रति क्विंटल के दर पर बेची जा रही थी जो खरीदारों के लिए काफी टेंशन का विषय था लेकिन अब जिस तरह से भजनलाल सरकार की नई खनिज नीति के तहत टोंक जिले में 50 से 100 हेक्टेयर क्षेत्र में बजरी खनन के लिए नई लीज की अनुमति दी गई है तो उसके आधार पर अब बजरी समुचित मात्रा में जयपुर और आसपास के जिलों में बिकवाली के लिए पहुंचेगी जिसकी वजह से बजरी के दाम काफी नीचे आएंगे लोगों का कहना है कि आने वाले दिनों में बजरी के दाम जयपुर में ढाई सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से मिलने की प्रबल संभावना बन गई है क्योंकि नई खनिज नीति के तहत सरकार लीज धारक से इस शर्त पर बजरी खनन की अनुमति दे रही है कि सरकार को दी जाने वाली रॉयल्टी से चार गुना से ज्यादा बजरी की रेट नहीं होनी चाहिए सरकार 50 रुपए प्रति टन के हिसाब से रॉयल्टी वसूल करती है इस हिसाब से अब जयपुर और आसपास के जिलों में टोंक जिले से आने वाली बजरी की कीमत 250 रुपए प्रति टन मिलने की संभावना हो गई है

## भजनलाल सरकार की कैबिनेट की बैठक आज, आगामी बजट सत्र और कई अन्य विषयों पर चर्चा होने की संभावना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भजनलाल सरकार की कैबिनेट की बैठक आज शासन सचिवालय में आयोजित हो रही है पहले कैबिनेट की बैठक आयोजित होगी इसके बाद मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित होगी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इन महत्वपूर्ण बैठक में आगामी बजट सत्र और बजट सत्र में सरकार की ओर से विधानसभा में स्वीकृति के लिए रखे जाने वाले विभिन्न बिल इत्यादि के बारे में चर्चा होने की संभावना है इसके अलावा बजट की घोषणाओं को लेकर भी मुख्यमंत्री शर्मा अपनी टीम के सदस्यों के साथ गंभीरता से विचार विमर्श कर सकते हैं जानकारी के अनुसार कुछ दिनों के बाद राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने वाला है इसलिए बजट सत्र में प्रतिपक्ष के सवालों का ठीक तरह से जवाब देने तथा बजट की घोषणाओं में और क्या-क्या शामिल किया जाए, बजट को स्पर्शी और समावेशी बनाने के लिए भी मुख्यमंत्री शर्मा अपनी टीम के सदस्यों से आज की इन महत्वपूर्ण मीटिंग में सलाह और सुझाव ले सकते हैं क्योंकि इस बार कांग्रेस पार्टी पहले की तुलना में और भी ज्यादा आक्रामक नजर आ रही है जिस तरह से गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने दिल्ली में जाकर संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके राजस्थान में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं जिसमें भारतीय जनता पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं पर डोटासरा और टीकाराम जूली ने मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को प्रभावित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यह जानते हैं कि इस बार राजस्थान विधानसभा में भी कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर जोरदार तरीके से हंगामा कर सकती है इसलिए विपक्ष के सदस्यों का करारा जवाब देने के संदर्भ में भी आज की कैबिनेट और मंत्री परिषद की बैठक में रणनीति बनाई जा सकती है जानकार लोगों का कहना है कि आज की मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंत्रियों को राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में विधायकों के सवालों का पूरी तैयारी के साथ सटीक जवाब देने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दे सकते हैं मुख्यमंत्री शर्मा आज की बैठक में मंत्रियों से उनके विभागों के कामकाज का आवश्यक फीडबैक लेकर उनसे बजट की घोषणाओं के बारे में भी आवश्यक सुझाव ले सकते हैं



## नितिन नवीन से मिले भजन लाल शर्मा, बीकानेर हाउस में राजस्थान भाजपा नेताओं का सामूहिक डिनर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को एक बार फिर से पार्टी मुख्यालय में पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की ।मुख्यमंत्री शर्मा ने नितिन नवीन को उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। दोनों नेताओं ने उत्साह पूर्वक मुस्कुराते हुए एक दूसरे का अभिवादन किया और गर्म जोशी हाथ मिलाया । उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया इत्यादि नेताओं ने नितिन नवीन से मिलकर उन्हें उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी । इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार की रात बीकानेर हाउस में राजस्थान भाजपा के नेताओं को डिनर पर बुलाया। इस डिनर कार्यक्रम में राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल ,भागीरथ चौधरी, सतीश पूनिया, अरुण चतुर्वेदी, अशोक परनामी , उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा , पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी सहित कई बड़े नेता शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान भाजपा के 20 बड़े लीडर जिन्हें नितिन नवीन के नामांकन के लिए प्रस्तावक नियुक्त किया गया था वे सभी सोमवार को प्रदेश भाजपा की मुख्यालय में पहुंचे थे इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान भाजपा के सभी नेताओं को रात को बीकानेर हाउस में डिनर पर बुलाया। सभी नेताओं के बीच आपस में डिनर के बहाने बातचीत हुई क्योंकि आने वाले दिनों में विधानसभा में बजट आने वाला है तथा पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव भी होने वाले हैं और कांग्रेस पार्टी कई बड़े मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जोरदार आंदोलन शुरू किए हुए हैं इसलिए खाने के दौरान इन सभी मुद्दों को लेकर पार्टी के सभी सीनियर नेताओं के बीच आपस में चर्चा हुई जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा काफी व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी हैं और अपने अच्छे व्यवहार अच्छी सोच और अच्छी भाषा शैली के माध्यम से प्रदेश भाजपा के छोटे-बड़े सभी नेताओं का विश्वास हासिल कर लिया है मुख्यमंत्री शर्मा हमेशा सामूहिक संवाद के माध्यम से ही निर्णय लेने में ज्यादा विश्वास करते हैं इसलिए सोमवार की रात जब उन्होंने यह देखा कि राजस्थान भाजपा के सभी बड़े नेता दिल्ली में है तो लगे हाथ उन्होंने सभी नेताओं को बीकानेर हाउस में डिनर के लिए बुला लिया ताकि एक साथ बैठकर सत्ता और संगठन से जुड़े विषयों को लेकर चर्चा की जा सके।

# विधानसभा के आगामी बजट सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष रणनीति तैयार करने में जुटे

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र आगामी 28 जनवरी से शुरू होने जा रहा है और 11 फरवरी को बजट प्रस्तुत होने की बात कही जा रही है इसलिए आगामी विधानसभा सत्र की तैयारी में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों जुट गए हैं विपक्ष इस बार पहले की तुलना में ज्यादा आक्रामक नजर आ रहा है इसलिए आगामी बजट सत्र के काफी हंगामादार होने की प्रबल संभावना है क्योंकि कांग्रेस पार्टी पिछले कई महीनो से कई तरह के ज्वलंत मुद्दों को लेकर लगातार प्रदेश की सड़कों पर है और अभी कुछ और ज्वलंत मुद्दे कांग्रेस पार्टी ने अपने हाथ में लिए हैं चाहे राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की ओर से हाल ही में विधायकों के प्रश्न पूछे जाने जैसे विषय पर नई गाइडलाइन जारी करने का विषय हो या फिर प्रदेश में मतदाता सूची शुद्धिकरण की प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाने की बात हो इसी तरह से मनरेगा अरावली पर्वतमाला वोट छोरी ऐसे कई बड़े मुद्दे हैं जिनको लेकर कांग्रेस पार्टी राजस्थान विधानसभा में सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करने के लिए सुनियोजित तरीके से रणनीति



तैयार कर रही है जानकार लोगों का कहना है कि एक तरफ विपक्ष सरकार के मंत्रियों को राजस्थान विधानसभा में बैक फुट पर करने की रणनीति तैयार कर रहा है तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आगामी बजट की रूपरेखा तैयार करने में युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं मुख्यमंत्री शर्मा सरकार के मंत्रियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश देकर विधानसभा में पूछे जाने वाले सभी सवालों के जवाब तथ्यात्मक तरीके से देने को कहा है मुख्यमंत्री शर्मा ने मंत्रियों से कहा है कि वह पूरी तैयारी के साथ विधानसभा में आए और हर सवाल का गंभीरता से जवाब दें ताकि विपक्ष के सदस्यों को बोलने का मौका नहीं मिले इसके अलावा भाजपा की विधायकों से भी कहा जाएगा कि वे राजस्थान विधानसभा में ऐसा कोई सवाल नहीं पूछे जिसकी वजह से प्रतिपक्ष को भी सरकार पर हमला बोलने का मौका मिल जाए कुल मिलाकर आगामी बजट सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों संयोजित तरीके से रणनीति तैयार करके राजस्थान विधानसभा के लिए खुद को मजबूती से तैयार करने में जुटे हुए हैं जानकार लोगों का कहना है कि इस बार राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी विपक्ष के निशाने पर रह सकते हैं क्योंकि हाल ही में देवनानी ने विधायकों के पूछे जाने वाले सवालों के लिए जो नई गाइडलाइन तैयार की है उसको लेकर कांग्रेस पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं ने गहरी नाराजगी जताई है प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली देवनानी के इस निर्णय पर पूरी तरह से खफा हैं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी बाकायदा सोशल मीडिया पर बयान जारी करके देवनानी के लिए यहां तक कह दिया था कि न जाने देवनानी को कौन सलाह दे रहा है इसके बाद देवनानी ने भी अशोक गहलोत पर पलटवार करते हुए गहलोत को आत्म मंथन के लिए कहा था इसलिए राजस्थान विधानसभा के इस बजट सत्र में कई रोचक तथ्य और कई रोचक स्थितियां देखने को मिल सकती है

## अश्विनी वैष्णव के नवाचार से वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्थानीय शिल्पकारों को दिला रहा है अंतरराष्ट्रीय पहचान

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय रेलवे की वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्थानीय शिल्प ने कौशल को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त मंच के रूप में उभरी है। यह पूरे देश में जमीनी स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है। इस पहल का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों को भारत की समृद्ध क्षेत्रीय विविधता के जीवंत प्रदर्शन केंद्रों में बदलना है। स्थानीय विरासत को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़कर, ओएसओपी न केवल यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाता है, बल्कि समावेशी आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देता है। 19 जनवरी 2026 तक 2,002 स्टेशनों पर ओएसओपी आउटलेट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें से कुल 2,326 आउटलेट चालू हैं। ये आउटलेट हजारों स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और छोटे उत्पादकों के लिए आजीविका का स्रोत बन गए हैं, जिनका अब प्रतिदिन लाखों यात्रियों से सीधा संपर्क है। इसके अलावा, 2022 में ओएसओपी के शुभारंभ के बाद से, इस पहल ने पूरे भारत में 1.32 लाख से अधिक लाभार्थियों के लिए प्रत्यक्ष आर्थिक अवसर सृजित किए हैं। ओएसओपी उन पारंपरिक शिल्पों और क्षेत्रीय विशिष्टताओं को पुनर्जीवित करने में मदद कर रहा है जो कभी लुप्त हो रहे थे।

# राजस्थान वाटरग्रिड कॉरपोरेशन लिमिटेड को मजबूती प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता- मुख्य सचिव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** मुख्य सचिव श्रीनिवास ने राजस्थान वाटरग्रिड कॉरपोरेशन लिमिटेड को मजबूती प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने इस सम्बन्ध में मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान वाटरग्रिड कॉरपोरेशन लिमिटेड को मजबूती प्रदान करना



राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने इस हेतु निर्देश दिए कि राज्य सरकार और एशियन डवलपमेंट बैंक (एडीबी) के सहयोग से प्रारंभिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट (पीपीआर) तैयार कर केन्द्र सरकार को स्वीकृति के लिए शीघ्र प्रेषित की जाए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन, आयोजना अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव पर्यटन विभाग, श्री प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया उपस्थित रहे।

CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
21 जनवरी, 2026


## गिरदावर सर्किल स्तर पर 23 जनवरी से शिविरों का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जीआरएएम-2026 (Global Rajasthan Agri-Tech Meet-2026) के तहत प्रत्येक गिरदावर सर्किल विशेष शिविरों का आयोजन 23 तारीख से किया जाएगा। विशेष शिविरों के प्रथम दिन 23 जनवरी को मुंडावर तहसील के अंबेडकर भवन, किशनगढ़ बास तहसील के अटल सेवा केंद्र, तिजारा तहसील के पंचायत समिति परिसर, टपूकड़ा तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोटकासिम तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हरसोली तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खैरथल की ग्राम पंचायत नूरनगर के अटल सेवा केंद्र में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उक्त विशेष शिविर प्रत्येक गिरदावर वृत्त पर प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक आयोजित होंगे। शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, पीएम किसान निधि से संबंधित कार्य, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्व सहित संबंधित विभागों की सहभागिता रहेगी। इन शिविरों के माध्यम से कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने से संबंधित कार्य किए जाएंगे। शिविरों का उद्देश्य विभिन्न विभागों की योजनाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को त्वरित एवं प्रभावी सेवाएं प्रदान करना है।

## रोटरी क्लब अलवर ने सहचरी प्रोजेक्ट के तहत सेनेटरी नैपकिन का निशुल्क वितरण व दिए ग्रीन बोर्ड





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर की महिला सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण स्थायी मासिक प्रोजेक्ट सहचरी के तहत सेनेटरी नैपकिन का निशुल्क वितरण किया। इस माह ये सेनेटरी नैपकिन महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल, एन ई बी एक्सटेंशन में किया गया। रोटरी क्लब अलवर अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल ने बताया कि सेनेटरी नैपकिन का निःशुल्क वितरण महिला सशक्तिकरण के तहत किया जाता है जो महिला स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है साथ ही स्कूल को पांच ग्रीन बोर्ड भी भेंट किये गए। एक वर्ष के लिए निशुल्क सेनेटरी नैपकिन अलका गुप्ता पत्नी रोटेरियन संजीव गुप्ता द्वारा दिये जा रहे हैं। कार्यक्रम में रोटरी क्लब अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल, कोऑर्डिनेटर साक्षी खंडेलवाल, सुमन यादव, विकास गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम ने वीसी के माध्यम से ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

### राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल ने वीसी के माध्यम राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के निस्तारण एवं राजस्व कोर्ट केसेज की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम ने निर्देशित किया सभी राजस्व अधिकारी सजगता एवं संवेदनशीलता से कार्य करते हुए लंबित राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शिविरों का शुभारम्भ दो चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण 23, 24, 25 एवं 31 जनवरी तथा द्वितीय चरण 1 एवं 5 से 9 फरवरी (10 दिवस) को प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों के संबंध में समुचित तैयारियां यथासमय करें। उन्होंने निर्देशित किया कि उपखंड अधिकारी लंबित कोर्ट केसेज का नियमित तौर पर नियमानुसार निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपखण्डवार राजस्व वाद निस्तारण, जीसीएमएस पोर्टल की स्थिति, भूमि संपरिवर्तन प्रकरण, आम रास्ते, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा कर संबंधित उपखण्ड अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई परिवादों एवं स्टार मार्क के बकाया प्रकरणों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिदायक समाधान करवाएं। उन्होंने एम-पैक्स के लिए प्राथमिकता से भूमि आवंटन कराने एवं विमुक्त व घुमंतु समुदायों के लिए आयोजित हो रहे कैंपों में दर्ज प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा, जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा सहित समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## निःशुल्क ब्लड शुगर जाँच शिविर आज

**अलवर(निसं.)।** श्री अग्रवाल महासभा के तत्वाधान में USB कम्पनी के सहयोग से आयोजित निःशुल्क ब्लड शुगर शिविर श्रीमती बर्फी देवी पुरुषोत्तमदास श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय 95 आर्य नगर, स्कीम नं. 01, राम वाटिका पार्क के पास, अलवर में आयोजित होगा। महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता ने बताया कि दिनांक 21 जनवरी 2026 बुधवार को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क ब्लड शुगर, बी.पी एवं HbAvC जॉच होगी।

## नगर निगम के रैन बसेरा खदाना मोहल्ले में निरीक्षण में सुविधाओं का मिला अभाव- मुस्तफा खान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वर्तमान में राज्य में पड़ रही भीषण सर्दी को देखते हुए बेसहारा व्यक्तियों को सुरक्षित आवास मुहैया कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा नि :शुल्क रैन बसेरों का संचालन किया जा रहा है। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा उच्चतम न्यायालय के निर्णय में पारित आदेशों की पालना में कार्यकारी अध्यक्ष राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अनंत भंडारी के निर्देश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहां समस्त मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा बेसहारा व्यक्तियों को रैन बसेरे में दाखिल कराने के निर्देश प्राप्त हुए। जहां एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज मोहन लाल सोनी के आदेश की पालना में विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के पीएलवी मुस्तफा खान, डिप्टी लीगल डिफेंस काउंसिल एडवोकेट मुकेश कुमार शर्मा के द्वारा अलवर शहर स्थित रैन बसेरा खदाना मोहल्ले का आकस्मिक निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां और



अव्यवस्थाएं सामने आईं।

रैन बसेरा खदाना मोहल्ले में नगर निगम की मनमानी सामने आई रैन बसेरे का एक कमरा जिसमें 13 व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था है तथा 03 शौचालयों और 03 स्नानगृहों पर ताला लगाया हुआ है और चाबी मैनेजर अपनी जेब में लेकर घूम रहे हैं जिसके कारण कड़ाके की ठंड में लोग खुले आसमान के नीचे सोने के लिए मजबूर हैं। रैन बसेरे में रजाइयों के ऊपर कवर भी नहीं मिले। भीषण सर्दी में खुले आसमान के नीचे सोने वाले 02 लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम द्वारा रैन बसेरा खदाना मोहल्ले में पहुंचाया गया। राज्य सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों, निर्माण श्रमिकों भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों एवं सड़क किनारे एवं दुकानों के बाहर, रेलवे स्टेशन, एवं बस स्टैंड एवं सर्दी के मौसम में खुले आसमान के नीचे सोने वाले लोगों के लिए प्राप्त निर्देशों की पालना में किए निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे में मौसम के अनुकूल पर्याप्त मात्रा में दरी, रजाई, गद्दे, चादर, तकिया, कम्बल, बिजली, शौचालय एवं पीने के पानी की उपलब्धता की जांच की गई। वहीं पुरुषों एवं महिलाओं के लिए पृथक पृथक शौचालय एवं कमरे की व्यवस्था, स्नान हेतु मौसम अनुकूल गर्म पानी की व्यवस्था, प्राथमिक स्वास्थ्य किट, न्यूनतम दर पर भोजन की व्यवस्था तथा बीमार व्यक्तियों की समुचित देखभाल हेतु व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया।

रैन बसेरा खदाना मोहल्ले में न तो प्राथमिक स्वास्थ्य किट उपलब्ध है और न ही रोग वाहक किट नियंत्रण तन्त्र है जिसके अभाव में न तो बीमार व्यक्तियों की समुचित देखभाल हो पाती है और न ही मक्खी, मच्छर और मौसमी कीड़े मकोड़ों से सुरक्षा, जिसके कारण लोग बाहर से महंगी दवाइयां लेने को मजबूर हैं। रैन बसेरे में न तो पुलिस सुरक्षा व्यवस्था है और न ही भोजन की व्यवस्था। रैन बसेरे में न तो किसी केयर टेकर, कर्मचारी अथवा, अधिकारी का नाम लिखा हुआ है और न ही कोई टेलीफोन नंबर।

शीर्ष अदालत (उच्चतम न्यायालय) द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार रैन बसेरों को दर्शाते हुए बोर्ड भी नहीं लगाए गए हैं रैन बसेरे के मुख्य द्वार पर भी न तो कोई बोर्ड लगा हुआ है और न ही लाइट की व्यवस्था है, जिससे बाहर से आने वाले लोगों को रैन बसेरे की कोई जानकारी नहीं मिल पाती। रैन बसेरा खदाना मोहल्ला में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण महिलाओं की संख्या भी नगण्य है। आग बुझाने वाले अग्नि शमन संयंत्र भी उपलब्ध नहीं है। वहीं 02 वर्ष से छोटे बच्चों को शिशु योग्य विशेष भोजन की भी कोई व्यवस्था नहीं है। भीषण सर्दी की मार का सामना करने वाले लोगों की मूलभूत समस्याओं को दूर करने के लिए नगर निगम अलवर कोई ऐसा दीर्घकालिक उपाय करती नहीं दिखती जिससे लोगों को राहत मिल सके रैन बसेरों में सुविधाएं जरूरत के अनुसार अपर्याप्त होने साफ सफाई का घोर अभाव होने, असुरक्षित माहौल, गंदगी, अव्यवस्था और अराजकता की वजह से बेघर परिवारों, बीमार व्यक्तियों, विशेष योग्यजनों, विमंदितों एवं वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकता अनुसार विशेष सुविधाओं का अभाव, जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग द्वारा चिकित्सीय जांच नहीं कराए जाने आदि अव्यवस्थाओं के कारण लोग रैन बसेरों में ठहरने से संकोच करते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के डिप्टी लीगल डिफेंस काउंसिल एडवोकेट मुकेश कुमार शर्मा एवं बेस्ट पी एल वी ऑफ़ इंडिया मुस्तफा खान के द्वारा रैन बसेरों में उपस्थित लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता एवं राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। मुस्तफा खान ने बताया कि आम आदमी को विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 15100, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा संचालित हेल्प लाइन नम्बर 9928900900 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर 8306002102 के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। इस अवसर पर रैन बसेरा खदाना मोहल्ला में 8 व्यक्ति एवं केयर टेकर सिद्धार्थ उपस्थित रहे।

## विधायक महंत बालक नाथ योगी की जनसुनवाई, जोड़ियां में पुस्तकालय भवन का भूमि पूजन

### शिक्षा को आगे बढ़ाने में भामाशाहों का महत्वपूर्ण योगदान : महंत बालक नाथ योगी



जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** विधायक महंत बालक नाथ योगी ने तिजारा में जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर तिजारा सहित संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे प्रमुख नागरिकों से क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इससे पूर्व विधायक महंत बालक नाथ योगी सीएसआर फंड से जोड़ियां स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में पुस्तकालय भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सहयोगकर्ता इंद्रजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत प्राचीन काल में विश्व गुरु इसलिए था क्योंकि यहां नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान थे, जिन्होंने पूरी दुनिया को ज्ञान की दिशा दी। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े शिक्षण संस्थानों की स्थापना से लेकर उनके निर्माण तक भामाशाहों की भूमिका सदैव अग्रणी रही है। यह परंपरा आज भी जीवंत है और गांव-गांव, ढाणी-ढाणी में ऐसे उदाहरण मिल जाते हैं, जहां विद्यालय भवन निर्माण हो या शैक्षणिक संसाधनों की आवश्यकता, भामाशाह आगे बढ़कर सहयोग करते हैं। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सरकारी स्कूलों के भवनों और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए विशेष रूप से चिंतित हैं और इस संबंध में आवश्यक आदेश भी जारी किए जा चुके हैं। सरकारी प्रक्रियाओं में समय लग सकता है, ऐसे में समाज के भामाशाह इस कार्य को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विधानसभा क्षेत्र के जिन सरकारी विद्यालयों में भवन, कक्षाओं या शैक्षणिक संसाधनों की कमी है, वहां भामाशाहों का सहयोग समाज और राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि दान सभी महान होते हैं, लेकिन शिक्षा के लिए दिया गया दान सबसे विशिष्ट होता है, क्योंकि इसका लाभ आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचता है। इससे पहले विधायक महंत बालक नाथ योगी ने अलवर में आगंतुकों से मुलाकात की तथा भाजपा प्रवक्ता आनंद बेनीवाल के भाई के निधन पर उनके निवास पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण की हुई शुरूआत

### अवैधानिक मत्स्याखेट करने पर की गई जप्ती की कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत मत्स्य विभाग एवं एनएफडीबी के संयुक्त तत्वावधान में नवीन तकनीकी व प्रबंधन से जलाशयों में मत्स्य उत्पादन व किसानों की आय बढाने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का सोमवार को शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान मत्स्य पालन से रोजगार व कृषकों की आमदनी बढाने के साथ ही मीठे पानी व खारे पानी में झींगा पालन के बारे में जानकारी दी गई तथा मत्स्य किसानों के साथ मछली के लिए सुपोषित आहार के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। मत्स्य अधिकारी डॉ. महेश चंद सोनवाल एवं सेवानिवृत सहायक निदेशक मनोहर लाल अरोडा ने जलाशयों में मत्स्य पालन व जलाशयों में मत्स्य पालने के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी।

**अवैधानिक मत्स्याखेट करने पर की गई कार्रवाई**

मत्स्य विकास अधिकारी डॉ. महेश चंद सोनवाल ने



बताया कि मत्स्य विभाग एवं पुलिस थाना टहला के संयुक्त तत्वावधान में बंध बिरकडी में अवैध रूप से किए जा रहे अवैध मत्स्य आखेट पर कार्रवाई के दौरान 1700 किग्रा मीठे पानी की मछलियां, 20 किग्रा फसला जाल, 35 थर्मोकॉल बॉक्स, 3 प्लास्टिक कैरेट मौके पर मिलने पर जब्त की गई। फ्लाइंग टीम को देखकर मत्स्याखेट कर रहे लोग जाल एवं मछलियां छोडकर फरार हो गए। जब्त सामान की मत्स्य नियमानुसार मछली के निस्तारण हेतु निलामी कर 1 लाख 500 रूपये का राजस्व अर्जन किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संबंधित जलाशय का ठेका नहीं है, ठेका प्रक्रिया निदेशालय मत्स्य विभाग राजस्थान जयपुर में प्रक्रियाधीन है।

## नगर निगम एवं नगर पालिका आम चुनावों हेतु रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर पालिका) एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नगर निगम एवं नगर पालिका के आम चुनाव 2026 के लिए सदस्य, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निगम अलवर के आम चुनाव 2026 के लिए सदस्य, अध्यक्ष एवं उपाध्य पदों के निर्वाचन हेतु जिला कलक्टर रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर, उप महा निरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक प्रथम, उप महा निरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांग द्वितीय, राजस्व अपील अधिकारी, सहायक कलक्टर व नगर विकास न्यास के भूमि अवाप्ति अधिकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे। इसी प्रकार नगर निकायों के आम चुनाव 2026 के लिए नगर पालिका सदस्य, अध्यक्ष एवं उपाध्य पदों के निर्वाचन हेतु नगर पालिका राजगढ के लिए उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट राजगढ रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार राजगढ सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे। नगर पालिका कठूमर के लिए उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट कठूमर रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार कठूमर सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे। नगर पालिका खेरली के लिए सहायक कलक्टर कठूमर रिटर्निंग अधिकारी एवं नायब तहसीलदार खेरली सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे। नगर पालिका थानागाजी के लिए उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट थानागाजी रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार थानागाजी सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे।

## टाइगर संरक्षण का संदेश लेकर अलवर टाइगर मैराथन की तैयारियाँ तेज

### बहरोड़ पंचायत समिति परिसर में जनप्रतिनिधियों ने की सहभागिता की अपील

जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** टाइगर संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित होने वाली अलवर टाइगर अंतरराष्ट्रीय मैराथन को लेकर क्षेत्र में तैयारियाँ तेज हो गई हैं। इसी क्रम में पंचायत समिति परिसर, बहरोड़ में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में मैराथन में भाग लेने का आह्वान किया। भाजपा नेता बस्तीराम यादव (एडवोकेट) ने जानकारी देते हुए बताया कि अलवर टाइगर मैराथन के लिए इच्छुक प्रतिभागी www.alwertigermarathon.com पर 25 जनवरी 2026 तक अपना पंजीयन करवा सकते हैं। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर की मैराथन दौड़ 8 फरवरी 2026



(रविवार) को अलवर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से वन्यजीव संरक्षण के प्रति जनचेतना बढ़ती है और समाज में पर्यावरण के संरक्षण का सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम में रामफल गुर्जर (सरपंच), अजीत सिंह यादव (नायब तहसीलदार, गडाला), बलवंत यादव (सहायक विकास अधिकारी), अनीता यादव (महिला एवं बाल विकास अधिकारी) सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही निशा, केशव, रीना, जगरूप यादव बोहरा, सुरेंद्र यादव (पूर्व पंचायत समिति सदस्य), धर्मपाल यादव, होशियार सिंह, मोहर सिंह, रवि कुमार, अजीत सिंह, सोनू यादव, रोहतास गुर्जर, अशोक (सरपंच) सहित दर्जनों गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। बैठक के अंत में उपस्थितजनों ने अलवर टाइगर मैराथन को सफल बनाने और टाइगर संरक्षण के इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी से सम्बंधित सभी रिकॉर्ड को संधारित करके रखना अनिवार्य है- सीएमएचओ डॉ. शर्मा

### पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 पर कार्यशाला का हुआ आयोजन






जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ की ओर से पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मोती डूंगरी स्थित होटल स्वरूप विलास में किया गया। जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि सोनोग्राफी सेंटर्स पर होने वाली गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी से सम्बंधित सभी रिकॉर्ड को संधारित करके रखना अनिवार्य है। इनमें गर्भवती महिला की सोनोग्राफी रिपोर्ट, फिल्म, डॉक्टर का प्रिस्किप्शन स्लिप, सहमति, फार्म एफ एवं उसका पहचान का दस्तावेज शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति आपसे भ्रूण लिंग परीक्षण के बारे में बात करता है तो उसकी सूचना अधिकारियों को उपलब्ध करायें, जिससे ऐसे लोगों की ट्रैकिंग कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सके। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए डॉ. छबील कुमार उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प0क0), अलवर ने कहा कि सोनोग्राफी कक्ष व वैटिंग एरिया में सेंटर का पंजीयन प्रमाण पत्र व आवश्यक दस्तावेजों का प्रदर्शन अनिवार्य है। एक्ट की किसी भी धारा का उल्लंघन होने पर कम से कम तीन साल की सजा व दस हजार रूपये के जुर्माना हो सकता है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजु शर्मा ने प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री निःशुल्क मॉ वाउचर योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मॉ वाउचर योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें गर्भवती महिलाओं को दूसरे व तीसरे ट्राईमेस्टर में निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा प्रदान की जा रही है। मॉ वाउचर योजना में निजी सोनोग्राफी सेंटर्स संचालकों को प्रत्येक सोनोग्राफी के लिए सरकार के द्वारा 450 रूपये का भुगतान किया जा रहा है। डॉ. महेश कुमार बैरवा उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वा0), अलवर ने कहा कि चिकित्सकों को दलालों से सावधान रहना चाहिये, कई बार डॉक्टर को पता ही नहीं होता और दलाल व स्टाफ झूठ बोल देता है। इस दौरान जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक गफूर खान ने पीपीटी के माध्यम से जिले में संचालित सोनोग्राफी सेंटर्स, कार्डियोग्राफी सेंटर्स, एमआरआई, सिटी स्केन, वैटेनरी व पैन क्लिनिक आदि सेंटर्स की जानकारी दी तथा सोनोग्राफी सेंटर्स पर संधारित होने वाले रिकार्ड के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला में जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी मनोज मेहरा, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव भट्टाचार्य, डॉ. टेकचंद, डॉ. एसएस मित्तल, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रमोद रावत, डॉ. अविनाश गोयल, डॉ. सत्यवीर सिंह, डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. वर्षा जैन, डॉ. सौरव कुमार सिंह, डॉ. राजेन्द्र मीणा सहित डॉ. हनि निश्चल, डॉ. बी. के. सैनी, डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ बीएस सैनी व कुलदीप सिंह आर्य सहित जिले में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत पंजीकृत चिकित्सक व संस्थानों के मालिक शामिल हुए।

# पिछले दो बजट जैसा ही तीसरा बजट होगा माइलस्टोन साबितः मंत्री जोगाराम पटेल

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सैनी और प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह ने की कार्यकर्ता सुनवाई



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कार्यकर्ता सुनवाई की। सुनवाई के पश्चात मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आज की कार्यकर्ता सुनवाई में करीब 50 से अधिक परिवेदनाएं सामने आईं, जिनका यथायोग्य निस्तारण किया गया। मंत्री पटेल ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में नियमित रूप से कार्यकर्ताओं की सुनवाई की जा रही है। शायद किसी अन्य राजनीतिक दल में इस प्रकार की व्यवस्थित प्रक्रिया नहीं है। इसके साथ ही हमारे पदाधिकारी भी परिवादियों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए गंभीर प्रयास करते हैं। कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि आज राजस्थान अपूर्व विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आगामी 28 जनवरी से राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र प्रारंभ हो रहा है। पूर्व के दो बजट राजस्थान के लिए माइलस्टोन साबित हुए हैं, जिनसे लोगों की अपेक्षाओं से कहीं अधिक कार्य हुए। इसी प्रकार यह आगामी बजट भी राजस्थान के विकास में एक नया माइलस्टोन सिद्ध होगा। विपक्ष की भूमिका पर बोलते हुए जोगाराम पटेल ने कहा कि विपक्ष लोकतंत्र की ताकत है। उनसे विनम्र अनुरोध है कि राजस्थान के विकास के लिए सकारात्मक सहयोग करें, विकास के मुद्दों पर अपनी राय और विजन प्रस्तुत करें। केवल सुर्खियों में बने रहने के लिए नकारात्मक भाव और अशोभनीय भाषा का प्रयोग न करें। पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार जनता के हित में निरंतर कार्य कर रही है। विपक्ष इन कार्यों की तुलना करते हुए सुझाव दे, लेकिन केवल बयानबाजी से बचें। सदन का पटल जन-उपयोगी एवं विकास के मुद्दों के लिए होना चाहिए। भैरों सिंह शेखावत एवं शिवचरण माथुर के समय का जो गौरवपूर्ण इतिहास रहा है, उसी परंपरा का अनुसरण किया जाना चाहिए। मंत्री पटेल ने कहा कि विपक्ष को विधानसभा का उपयोग जनता के हितों के लिए करना चाहिए तथा अपनी अंदरूनी खींचतान को सार्वजनिक मंच पर नहीं लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट सत्र ऐतिहासिक होगा—कार्य अवधि और कार्य दोनों ही दृष्टि से। तर्क-वितर्क के साथ सदन का उपयोग राजस्थान की जनता के हित में किया जाना चाहिए। भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी एवं प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह संगठन से उपस्थित रहे।

## दौलतपुर के बिलोची में फायरिंग से लोगों में दहशत, गोली लगने से युवक घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर के हरमाड़ा के दौलतपुर क्षेत्र में बिलोची ग्राम के पास आरोपी व्यक्ति ने कई राउंड फायर किया जिसमें गोली लगने से एक युवक घायल हो गया तथा इलाके में रहने वाले लोगों में दहशत छा गई फायरिंग करने के बाद युवक मौके से फरार हो गया जिसकी पुलिस सर गर्मी से तलाश कर रही है तथा घायल युवक का अस्पताल में उपचार करवाया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिलोची गांव के पास आरोपी हेमराज और पुरनचंद गुर्जर के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर आपस में विवाद चल रहा था दोनों के बीच में जबरदस्त टकराव के हालात बने हुए थे इसी बात को लेकर दोनों के बीच में फिर से कहा सुनी हो गई थोड़ी देर तक दोनों के बीच बहस होती रही और फिर मामला काफी गर्म हो गया और गाली गलौज आपस में होने लगी इसी दौरान आरोपी हेमराज ने एक के बाद एक तीन फायर किया जिसमें गोली लगने से पुरनचंद घायल हो गया पुलिस ने आरोपी हेमराज की तलाश में कई जगहों पर टीम भी भेजी है तथा हेमराज के परिजनों रिश्तेदारों और जानकार लोगों के ठिकानों पर भी पुलिस की नजर टिकी हुई है पुलिस का कहना है कि हेमराज को जल्दी ही अरेस्ट कर लिया जाएगा पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना भी किया है तथा पुलिस को मौके से फायरिंग के सबूत भी मिले हैं खाली धोखे भी बरामद किए गए हैं पुलिस का कहना है कि हेमराज की गिरफ्तारी के बाद ही यह पता चल पाएगा कि हेमराज के पास हथियार कहां से और कैसे आया

## धौलपुर जिला जेल में कैदियों के दो गुटों में हिंसक भिड़ंत, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को मौके पर पहुंचना पड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के धौलपुर जिला जेल में बंद कैदियों के दो गुटों के बीच आपस में जोरदार मारपीट हुई दोनों ही गुटों के कैदियों ने एक बंद कैदियों के दो गुटों के बीच आपस में जोरदार मारपीट हुई दोनों ही अच्छा के कैदियों ने एक दूसरे पर जोरदार हमला बोला कैदियों ने बाकायदा फिल्म स्टाइल से लड़ाई लड़ी और इस लड़ाई में जेल सुरक्षा से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी बीच में नहीं आए इसलिए कैदियों ने पहले ही अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और फिर काफी देर तक कैदी एक दूसरे पर फिल्मी स्टाइल से प्रहार करते रहे इस दौरान जेल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों ने दरवाजा खोलने के लिए कैदियों से आग्रह किया लेकिन कैदी नहीं माने और आपस में लड़ते रहे बाद में जेल प्रशासन ने जिला पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टर को इस पूरे घटना के बारे में बताया इसके बाद में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक खुद मौके पर पहुंचे इससे पहले झगड़े में शामिल एक गुटके कैदियों ने जेल प्रशासन की सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों से भी बदतमीजी की बाद में मौके पर पहुंचे जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने काफी मशक्कत के बाद झगड़ा कर रहे कैदियों को समझा बूझकर शांत किया इसके बाद कैदियों ने दरवाजा खोला इस पूरे मामले में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक का कहना है कि मामले को काफी गंभीरता से लिया गया है तथा कैदियों के बीच आपस में लड़ाई क्यों हुई कहीं इस लड़ाई के पीछे कोई बड़ा गहरा रहस्य तो नहीं है या फिर कैदियों ने जानबूझकर जेल प्रशासन की आंख में धूल झोंकने के लिए लड़ाई लड़ी इन सभी बातों की गंभीरता से जांच की जा रही है और इस मामले में जो भी कैदी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूल की छत गिरने का मामला : महाधिवक्ता के हाईकोर्ट में नहीं आने पर न्यायाधीश ने नाराजगी जताई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में जर्जर सरकारी स्कूल भवन के मामले में मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान कोर्ट में राज्य सरकार के महाधिवक्ता की अनुपस्थिति पर न्यायाधीश अशोक कुमार की खंडपीठ ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है और प्रारंभिक माध्यमिक शिक्षा निदेशक को 2 फरवरी को कोर्ट में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं जानकारी के अनुसार पिछले साल प्रदेश के झालावाड़ जिले में सरकारी स्कूल की छत गिरने की वजह से छात्रों की मौत हो गई थी और कई छात्र घायल हो गए थे इसके बाद यह मामला राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सुर्खियों में आया था कांग्रेस पार्टी ने इस मामले को जोर-जोर से उठाया था और प्रदेश में बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों के जर्जर भवन होने की बात कह कर कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया था इस दौरान हाई कोर्ट ने भी प्रदेश के झालावाड़ जिले में स्कूल हादसे और प्रदेश में सरकारी स्कूलों के जर्जर भवन के मामले को लेकर प्रसंज्ञान लिया था इसी मामले में मंगलवार को न्यायाधीश अशोक कुमार की कटपीस में सुनवाई हुई न्यायाधीश अशोक कुमार की खंडपीठ में सुनवाई हुई लेकिन कोर्ट में महाधिवक्ता की और गैर हाजरी को लेकर न्यायाधीश ने गहरी नाराज भी जताई है इस मामले की अब अगली सुनवाई 2 फरवरी को होगी जिसमें प्रारंभिक माध्यमिक शिक्षा निदेशक को भी कोर्ट ने तलब किया है इसके अलावा महाधिवक्ता की गैर हाजिरी को लेकर जिस तरह से हाईकोर्ट ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है तो अगली पेशी में महाधिवक्ता को भी कहीं ना कहीं अपनी उपस्थिति दिखानी पड़ेगी । हालांकि झालावाड़ में स्कूल हादसे के बाद प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों शिक्षा विभाग के जिला अधिकारियों और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सभी सरकारी स्कूल बिल्डिंग का मौका मुआयना करके जर्जर इमारत को चिन्हित करने का निर्देश दिया था जिसके बाद प्रदेश में सभी जिलों में जर्जर सरकारी स्कूल को चिन्हित भी किया गया है इसकी रिपोर्ट भी मुख्यमंत्री कार्यालय में भेजी गई है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए बजट भी आवंटित किया है ।

## श्री मुरलीधर बोहरा गौशाला का छठां स्थापना दिवस मनाया

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** गौ रक्षक शहीद श्री मुरलीधर बोहरा गौशाला का छठां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पंडित कमलेश शर्मा के सानिध्य में संगीत मय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया तत्पश्चात गौमाता को गुड़ का भोग लगाकर उपस्थित गो सेवकों को



गुड़ और चने का प्रसाद वितरण किया। साथ ही गौसेवकों को बूंदी पत्रिका के कैलेंडर का भी वितरण किया गया।गौशाला संचालक रामफूल धाकड़, बूंदी पत्रिका संपादक मनोज शर्मा, निलेश सनाढ्य, अरुण शर्मा, टीकमचंद प्रजापत, मुकेश रेगर, महेश मेघवाल, उमेश शर्मा, रमेश गुर्जर, राधेश्याम धाकड़, गोविंद पाराशर, हरीश देवानी, अंकुर पांडेय, त्रिलोक पवार, आदित्य गौड़, त्रिलोक पंवार, लवकुश प्रजापत सहित कई गौ सेवकों मौजूद रहे।

## जोधपुर में भीषण सड़क हादसा :

## चार लोगों की मौत 20 घायल, ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायलों को अस्पताल लाया गया

### हादसे के बाद पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश संभाग की आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल मथुरादास अस्पताल में पहुंचे और घायलों के उपचार की व्यवस्था की



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में मंगलवार को एक बहुत बड़ी अमंगल घटना हुई जब जोधपुर में राजीव नगर थाना इलाके में अरुणा झरना के पास गुजरात पासिंग बस, टैंकर और दो अन्य वाहनों मे भीषणभिड़ंत हुई जिसमें चार लोगों की मौत हो गई तथा 20 यात्री घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए जोधपुर के मथुरादास अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जैसे ही इस सड़क दुर्घटना की सूचना पुलिस को मिली पुलिस कमिश्नर ओम प्रकाश संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा, जोधपुर जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल खुद अस्पताल में पहुंचे और घायलों के उपचार की व्यवस्था को अपनी आंखों से देखा पुलिस इस सड़क दुर्घटना को लेकर काफी अलर्ट मोड पर नजर आई और पुलिस ने जब देखा कि इस हादसे में बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं तथा घटना स्थल से मथुरादास अस्पताल की दूरी करीब 35 किलोमीटर है तो बाकायदा हाईवे पर पुलिस ने तुरंत ही ग्रीन कॉरिडोर हाईवे पर स्थापित किया और घायलों को जल्दी से जल्दी मथुरादास अस्पताल में लाया गया हालांकि इस दौरान चार लोगों की मौत हो गई लेकिन पुलिस जिस फुर्ती से घायलों को लेकर अस्पताल पहुंची उसकी वजह से कई घायलों की जिंदगी बच गई है पुलिस की इस कार्य शैली की सभी ने प्रशंसा भी की है इस हादसे को लेकर जोधपुर के सांसद और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने फोन से पुलिस कमिश्नर और जिला कलेक्टर से बातचीत की है तथा घायलों को अच्छे से अच्छा ट्रीटमेंट दिलाने के निर्देश भी दिए हैं प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी घायलों को अच्छे से अच्छा ट्रीटमेंट देने के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया है इस सड़क दुर्घटना के बारे में पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने कहा कि फिलहाल पुलिस की प्राथमिकता है घायलों को अच्छा से अच्छा ट्रीटमेंट मिले और घायल स्वस्थ हो किसी की भी अब जान नहीं चली जाए इसलिए पुलिस फिलहाल घायलों के उपचार की व्यवस्था को देख रही है इसके बाद घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी इस हादसे में गुजरात पासिंग बस में सवारी यात्री रामदेवरा के दर्शन करके जोधपुर के रास्ते वापस गुजरात जा रहे थे पासिंग बस में गुजरात के यात्री थे इसलिए पुलिस और प्रशासन अब जो यात्री इस हादसे में बोल सकते हैं उनसे उनके परिजनों के नाम पत्ते लिए जा रहे हैं ताकि उन्हें इस घटना की जानकारी उपलब्ध करवाई जा सके ।

## दिल्ली में मदन राठौड़ गोविंद सिंह डोटासरा पर बरसे और कहा कि डोटासरा के बयान स्तरहीन और असंसदीय



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान प्रेस को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि डोटासरा बोलते पहले हैं और सोचते बाद में, इसी कारण उनके बयान स्तरहीन और असंसदीय होते जा रहे हैं। एक जिम्मेदार विधायक होने के बावजूद वे शब्दों का चयन नहीं कर पा रहे हैं, जो उनकी राजनीतिक गिरावट और हताशा को दर्शाता है। राठौड़ ने कहा कि बेईमान जैसे असंसदीय शब्दों का प्रयोग करना उनकी बिगड़ती शब्दावली और मानसिक स्थिति को उजागर करता है। यह उनकी राजनीतिक खीज का परिणाम है। राठौड़ ने पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद परिसीमन को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर कहा कि परिसीमन कभी भी राजनीतिक आधार पर नहीं होता। परिसीमन पूरी तरह निर्वाचन आयोग द्वारा कराया जाता है, इसमें किसी भी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होता। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने घुसपैठियों, बांग्लादेशियों, रोहिंग्या आदि को वोटर बनाने का काम किया। परिसीमन के माध्यम से क्षेत्रीय डेमोग्राफी बदलने जैसे काम किए हैं। इसी कारण कांग्रेस को लगता है कि भाजपा भी ऐसा करेगी। अब एसआईआर में इन बाहरी लोगों के नाम कटते है तो इसमें कांग्रेस को आपत्ति क्यों है? उन्होंने कहा कि जिला परिषद का परिसीमन जिले की परिधि में तथा पंचायत समिति का परिसीमन पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आगामी चुनावों में हार का डर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इसी कारण वे पहले से ही आरोप लगाकर बहाने तैयार कर रहे हैं, ताकि हार के बाद उसका ठीकरा किसी और पर फोड़ा जा सके। कांग्रेस की पुरानी आदत रही है कि जीत पर ताल ठोकती है और हार पर ईवीएम या संवैधानिक संस्थाओं को दोष देती है। भाजपा के संगठनात्मक अनुशासन पर बोलते हुए राठौड़ ने कहा कि भाजपा में अनुशासन सर्वोपरि है। किसी भी कार्यकर्ता को जब दायित्व मिलता है तो वह पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ काम करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पार्टी अध्यक्ष को बॉस कहना और स्वयं को कार्यकर्ता बताना भाजपा की कार्यसंस्कृति को दर्शाता है। यह प्रधानमंत्री जी का बड़प्पन और आदर्श व्यवहार है कि वे स्वयं को भी संगठन और व्यवस्थाओं के अनुशासन से बंधा हुआ मानते हैं। उन्होंने कहा कि आज संगठन में नई पीढ़ी को तैयार किया जा रहा है, जो एक सकारात्मक और स्वागतयोग्य पहल है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पिता भी एक कुशल राजनेता रहे हैं और स्वयं नितिन नबीन भी एक बेहतर कार्यकर्ता हैं। इससे संगठन और अधिक मजबूत होगा। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का आज का भाषण भी कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक और पाथेय के समान रहा। राठौड़ ने कहा कि राजनीति में स्पोर्ट्समैन स्पिरिट होनी चाहिए। काम करें, जीतें तो बधाई स्वीकार करें और हारें तो आत्ममंथन व समीक्षा करें। कांग्रेस के पास न तो समर्पित कार्यकर्ता हैं और न ही संगठनात्मक अनुशासन। उनकी व्यवस्थाएं पूरी तरह बिगड़ी हुई हैं, जिसका परिणाम बार-बार सामने आ रहा है।

## रास्ता पूरी तरह बंद, बच्चों का भविष्य दांव पर

## नरेगा गांव में जलभराव से स्कूल मार्ग ठप, छात्रों-ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिले के जयपुर उपखंड अंतर्गत गांव नरेगा में पिछले पांच वर्षों से जलभराव के कारण राजकीय विद्यालय तक जाने वाला मुख्य रास्ता पूरी तरह बंद पड़ा है। हालात इतने खराब हैं कि स्कूल मार्ग पर हमेशा पानी भरा रहता है, जिससे छात्र-छात्राओं को खेतों की पगडंडियों से, जानवरों के बीच होकर स्कूल जाना मजबूरी बन गया है। इससे अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। करन परमार के नेतृत्व में स्कूल के अध्यापकों व ग्रामीणों ने बीते पांच वर्षों में प्रशासन और ग्राम पंचायत के अधिकारियों से कई बार शिकायतें कीं, ज्ञापन दिए और मौखिक अनुरोध भी किए, लेकिन आज तक ठोस समाधान नहीं हुआ। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी केवल झूठे आश्वासन देकर मामला टालते रहे।

स्कूल के छात्र-छात्राओं ने खुले शब्दों में कहा कि यदि जल्द ही रास्ता दुरुस्त नहीं किया गया तो वे स्कूल आना बंद कर देंगे। वहीं ग्रामीणों ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं होने पर वे आगामी चुनावों में मतदान का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि जब बच्चों के भविष्य की किसी को चिंता नहीं, तो वे भी वोट देने क्यों जाएं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पानी से भरे रास्ते के कारण फिसलन, जहरीले जीव-जंतुओं और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भयावह हो जाती है। नन्हे बच्चों का खेतों से होकर गुजरना किसी भी अनहोनी को न्योता दे सकता है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से तत्काल जलनिकासी, ऊंचा पक्का मार्ग/पुलिया निर्माण और स्थायी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## लाहोरा थे गरीबों-वंचितों की प्रभावी आवाज

## राजस्थान पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान, टॉप टेन विद्यार्थियों का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा में समाजसेवी संस्थान श्री गांधी जनकल्याण समिति मंडावा की ओर से मंगलवार को किशनलाल लाहोरा की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राजस्थान पब्लिक स्कूल परिसर, बिसाऊ चौराहे पर आयोजित हुआ। विद्यालय में सोमवार को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में करीब 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। मंगलवार को पुष्पांजलि कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में अव्वल रहे टॉप टेन विद्यार्थियों को अतिथियों ने माल्यार्पण कर, नगद राशि व पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया। सम्मानित विद्यार्थियों में अर्पित कुलहरी, साक्षी सुनिया, प्रिंस मुण्ड, अफसरा, रामलाल, टीना जांगिड़, दक्ष बलवीर, प्रिंयल व प्रिंयाशी सैनी शामिल रहे।समारोह में वक्ताओं ने कहा कि किशनलाल लाहोरा एक अनुभवी राजनेता और गरीबों व वंचितों के कल्याण की प्रभावी आवाज थे। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं और पूरा जीवन समाजोत्थान व जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उनकी निष्ठा और जनसेवा उन्हें सदैव स्मरणीय बनाती है। कार्यक्रम में पवन कुमार, शिक्षाविद हरलाल सिंह मोगा, हेतमसर प्रधानाचार्य राजेश रणवां, भाजपा नेता संदीप शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, प्रायोजक कैलाश लाहोरा, पातुसर प्रधानाचार्य जीवणराम मीणा सहित लोग मंचासीन रहे। आरम्भ में अतिथियों ने लाहोरा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य अशोक मोगा, सुभाषचन्द्र मोगा, सूर्यप्रकाश लाहोरा, महावीर सिंह व मोहर सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक कैलाश लाहोरा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, स्टाफ सदस्य व नगर के नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन शिक्षक शंकरसिंह पाटोदा ने किया।

# अशोक गहलोत और महेंद्रजीत सिंह मालवीय के बीच मुलाकात, बांसवाड़ा में सभा की तैयारी





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए महेंद्रजीत सिंह मालवीय लगातार राजस्थान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करके उनका विश्वास हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं अभी हाल ही में मालवीय ने राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की थी और मंगलवार को मालवीय ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की है कांग्रेस पार्टी में हालांकि आधिकारिक रूप से अभी तक मालवीय की एंट्री होने की सूचना मीडिया को शेयर नहीं की गई है लेकिन जिस तरह से मालवीय लगातार कांग्रेस पार्टी के नेताओं से मिल रहे हैं और खुद कांग्रेस पार्टी का सिपाही बता रहे हैं इसके बाद में यह तो तय है कि कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों ने मालवीय को कांग्रेस पार्टी में शामिल करने के बारे में एक मन बना लिया है अब कहा जा रहा है कि मालवीय शानदार तरीके से दोबारा से कांग्रेस पार्टी में अपनी एंट्री को जग जाहिर करना चाहते हैं इसलिए बांसवाड़ा में मालवीय बहुत जल्दी ही एक बड़ी मीटिंग करने वाले हैं जिसमें हजारों की संख्या में लोगों के शामिल होने की बात कही जा रही है इस मीटिंग को लेकर मालवीय ने अपने स्तर पर जबरदस्त तैयारी शुरू कर दी है इसलिए इस मीटिंग में दिल्ली से भी कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेताओं के आने की बात कही जा रही है इसके अलावा राजस्थान कांग्रेस के भी सभी बड़े नेता इस मीटिंग में मौजूद रहेंगे इस मीटिंग में ही मालवीय को कांग्रेस पार्टी में फिर से शामिल होने की घोषणा की जा सकती है महेंद्र सिंह मालवीय और अशोक गहलोत दोनों के बीच अच्छे राजनीतिक रिश्ते रहे हैं और अशोक गहलोत मालवीय की वागड़ क्षेत्र में मजबूत पकड़ को भी अच्छी तरह से जानते हैं क्योंकि मालवीय बांसवाड़ा क्षेत्र में कांग्रेस में रहने के दौरान बड़ी-बड़ी सभाओं का आयोजन कर चुके हैं और इन सभाओं में लाखों की संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी सोनिया गांधी राहुल गांधी जैसे नेताओं की बांसवाड़ा डूंगरपुर क्षेत्र में मालवीय बड़ी-बड़ी सभाएं पहले करवा चुके हैं इसलिए अशोक गहलोत मालवीय की वागड़ क्षेत्र में लोकप्रियता को अच्छी तरह से जानते हैं मंगलवार को गहलोत और मालवीय के बीच में जो बातचीत हुई है उस बातचीत के बाद राजस्थान कांग्रेस के गलियारों में भी कई तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही हैं लेकिन यह एक तरीके से मालवीय की गहलोत से रूटीन मुलाकात थी क्योंकि गहलोत के मंत्रिमंडल में मालवीय कैबिनेट मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन करने के बाद गहलोत से मिलना भी उनके लिए जरूरी हो गया था क्योंकि गहलोत कांग्रेस पार्टी के काफी बड़े लीडर हैं इसलिए गहलोत और मालवीय की मीटिंग को लेकर भले ही अलग-अलग तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही हो लेकिन राजनीति की परख रखने वाले लोगों का यही कहना है कि मालवीय की यह एक तरीके से गहलोत से साधारण मुलाकात थी और हो सकता है बांसवाड़ा की सभा में गहलोत को इनवाइट करने के लिए उन्होंने यह मुलाकात की हो ।

## कहानी

### प्रभु श्रीराम तथा लक्ष्मण

प्राचीन काल में ऋषि-मुनियों के यज्ञ में राक्षस बाधा उत्पन्न करते थे। उस समय ऋषि विश्वामित्र बडा यज्ञ कर रहे थे तथा राक्षस उनके यज्ञ की अग्नि में मांस, रक्त आदि डालकर उसे अपवित्र कर देते थे। इसलिए महर्षि विश्वामित्र ने अयोध्या में राजा दशरथ से सहायता मांगी तथा यज्ञ की रक्षा के लिए उनके पुत्र प्रभु श्रीराम को साथ भेजने के लिए कहा। महाराज दशरथ की आज्ञा से प्रभु श्रीराम बंधु लक्ष्मण के साथ ऋषि विश्वामित्रजी के गुरुकुल पहुंचे। उन दोनों को महर्षि विश्वामित्र ने अनेक प्रकार के अस्त्र-शस्त्र प्रदान किए।

एक दिन ब्राह्म मुहूर्त में उठ कर, अपने नित्यकर्म तथा सन्ध्या-उपासना पूरी करने के बाद राम और लक्ष्मण गुरु विश्वामित्र के पास गए और उनसे बोले, गुरुदेव ! कृपा करके हमें यह बताइये कि दुष्ट राक्षस यज्ञ में विघ्न डालने के लिये किस समय आते हैं। यह हम इसलिये जानना चाहते हैं कि यज्ञ की रक्षा में हम पूर्णतः सिद्ध हो जाएं। कहीं ऐसा न हो कि हमारे अनजाने में ही वे आकर उपद्रव मचाने लगें। राक्षस कब आते है यह जानकर हम सतर्क हो जाएंगे।

राजा दशरथ के वीर पुत्रों की यह उत्साह से भरी बातों को सुनकर वहां पर उपस्थित सारे ऋषि-मुनि अत्यंत प्रसन्न हुए और बोले, हे रघुकुल के भूषण राजकुमारों ! यज्ञ की रक्षा करने के लिए तुमको आज से छः दिन तथा रात्रि तक पूर्ण रूप से सावधान मुद्रा में और सजग रहना होगा। इन छः दिनों मे गुरु विश्वामित्र जी मौन रहकर यज्ञ करेंगे। इस समय में आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर नहीं देंगे क्योंकि वे यज्ञ का संकल्प कर चुके हैं।

छः दिन और छः रात्रि तक यज्ञ की रक्षा करने की यह सूचना मिलते ही राम और लक्ष्मण दोनों भाई अपने समस्त शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित हो गए। पांच दिन और पांच रात्रि तक श्रीराम और लक्ष्मण निरन्तर बिना किसी विश्राम के सतर्कता के साथ यज्ञ की रक्षा करते रहे। इन पांच दिन तथा रात्रि में यज्ञ में किसी भी प्रकार की विघ्न अर्थात बाधा नहीं आई।

छठवें दिन राम ने लक्ष्मण से कहा, भाई सौमित्र ! यज्ञ का आज अन्तिम दिन है और उपद्रव करने के लिए राक्षसों की आने की पूर्ण सम्भावना है। आज हमें विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है। तनिक भी असावधान हो गए तो गुरुदेवजी का यज्ञ और हमारा सारा परिश्रम निष्फल और निरर्थक हो सकते हैं।

राम ने लक्ष्मण को अभी सतर्क किया ही था कि उसी समय यज्ञ के लिए जो सामग्री, चमस, समिधा आदि आश्रम में रखे थे, वह अपने आप भभक उठे। अचानक आकाश से मेघों के गरजने की आवाज आने लगी। सैकडों बिजलियां तडकने की आवाज आने लगी। उसके बाद मारीच और सुबाहु की राक्षसी सेना यज्ञ के स्थान पर रक्त, मांस, मज्जा, अस्थियों आदि की वर्षा करने लगी। यज्ञ में बाधा आ रही है यह देखकर श्रीराम ने उपद्रवकारियों की ओर देखा। तब आकाश में मायावी राक्षसों की सेना को देख कर राम ने लक्ष्मण से कहा, 'लक्ष्मण ! तुम धनुष पर शर-संधान करके सावधान हो जाओ। मैं मानव अस्त्र चलाकर इन महापापियों की सेना का अभी नाश कर देता हूं।

यह कह कर राम ने अत्यंत फुर्ती और कुशलता का प्रदर्शन करते हुए उन पर मानवास्त्र छोडा। श्रीराम ने छोडा हुआ वह मानवास्त्र आंधी की गती से जाकर मारीच की छाती में लगा। अस्त्र के वेग के कारण मारीच उडकर चार सौ कोस दूर समुद्र के पार लंका में जा गिरा। इसके पश्चात् राम ने आकाश में आग्नेयास्त्र फेंका जिससे अग्नि की एक भयंकर ज्वाला निकली और उसने सुबाहु को चारों ओर से घेर लिया। इस अग्नि की ज्वाला ने क्षण भर में उस महापापी सुबाहु को जला कर भस्म कर दिया। जब उसका जला हुआ शरीर पृथ्वी पर गिरा तो एक बडे जोर का धमाका हुआ। उसके आघात से अनेक वृक्ष टूट कर भूमि पर गिर पडे। मारीच और सुबाहु पर आक्रमण समाप्त कर के राम ने बचे हुए राक्षसों का नाश करने के लिये वायव्य नामक अस्त्र छोड दिया। उस अस्त्र के प्रहार से राक्षसों की विशाल सेना के वीरों की मृत्यु होकर वे ओलों की भांति भूमि पर गिरने लगे।

इस प्रकार थोडे ही समय में सम्पूर्ण राक्षसी सेना का नाश हो गया। चारों ओर राम की जय जयकार होने लगी तथा पुष्पों की वर्षा होने लगी।

# आईएनडीआईए की परीक्षा का साल

*महत्वपूर्ण तो हर राज्य की सत्ता होती है, पर देश की निगाहें फिलहाल पश्चिम बंगाल पर टिकी हैं। ग्यारह साल से केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और डेढ़ दशक से बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक कटुता चरम पर है। घुसपैठ, एसआईआर और भ्रष्टाचार पर तो तकरार बरकरार है ही, आई-पैक के चेयरमैन के दफ्तर पर ईडी के छापे और उसी बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के वहां पहुंच कर कुछ दस्तावेज ले जाने के बाद बंगाल की सत्ता का संघर्ष चुनाव से पहले ही सड़कों पर नजर आ रहा है।*
*ममता इसे केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रणनीति पर ईडी का डाका बता रही हैं तो केंद्र सरकार और भाजपा इसे सरकारी एजेंसी के कामकाज में एक मुख्यमंत्री द्वारा अवरोध डालने का अभूतपूर्व मामला बता रहे हैं। कांग्रेस और वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं। सत्ता की लड़ाई तृणमूल और भाजपा के बीच है। पिछले चुनाव में खुद ममता को हरा कर भाजपा सनसनी फैलाने में तो सफल रही, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 77 सीटों तक ही पहुंच पाई। तृणमूल 215 सीटें जीत गईं। तृणमूल को 48 और भाजपा को 38 प्रतिशत मत मिले थे।*
*2024 के लोकसभा चुनाव में यह फासला बढ़ गया। यही फासला तय करना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। तीन कार्यकाल के बाद सत्ता विरोधी भावना स्वाभाविक है, पर ममता*



नए साल के शुरू में ही पश्चिम बंगाल में राजनीतिक रार और उसमें संवैधानिक प्रविधानों-परंपराओं को ताक पर रख देना बता रहा है कि साल 2026 भारतीय राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होने जा रहा है। इस साल चार राज्यों-बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल तथा केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें से तीन में आईएनडीआईए के घटक दलों की सरकारें हैं, जबकि दो में भाजपानीत राजग की।

इन राज्यों की सत्ता में होने वाला बदलाव राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य पर भी असर डालेगा, क्योंकि विधानसभाओं के गणित से संसद के उच्च सदन राज्यसभा में संख्या बल प्रभावित होगा। इसी साल राज्यसभा की 75 सीटों के लिए भी चुनाव होने हैं। साल की शुरुआत देश की सबसे अमीर महानगर पालिका मुंबई यानी बीएमसी समेत महाराष्ट्र के 29 नगर निकाय चुनावों से हुई है। बीएमसी चुनाव में भाजपा को पहली बार जीत मिली है और ठाकरे बंधुओं-उद्धव और राज को साथ आने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा है। महत्वपूर्ण तो हर राज्य की सत्ता होती है, पर देश की निगाहें फिलहाल पश्चिम बंगाल पर टिकी हैं। ग्यारह साल से केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और डेढ़ दशक से बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक कटुता चरम पर है। घुसपैठ, एसआईआर और भ्रष्टाचार पर तो तकरार बरकरार है ही, आई-पैक के चेयरमैन के दफ्तर पर ईडी के छापे और उसी बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के वहां पहुंच कर कुछ दस्तावेज ले जाने के बाद बंगाल की सत्ता का संघर्ष चुनाव से पहले ही सड़कों पर नजर आ रहा है। ममता इसे केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रणनीति पर ईडी का डाका बता रही हैं तो केंद्र सरकार और भाजपा इसे सरकारी एजेंसी के कामकाज में एक मुख्यमंत्री द्वारा अवरोध डालने का अभूतपूर्व मामला बता रहे हैं। कांग्रेस और वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं। सत्ता की लड़ाई तृणमूल और भाजपा के बीच है। पिछले चुनाव में खुद ममता को हरा कर भाजपा सनसनी फैलाने में तो सफल रही, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 77 सीटों तक ही पहुंच पाई। तृणमूल 215 सीटें जीत गई। तृणमूल को 48 और भाजपा को 38 प्रतिशत मत मिले थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में यह फासला बढ़ गया। यही फासला तय करना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। तीन कार्यकाल के बाद सत्ता विरोधी भावना स्वाभाविक है, पर ममता के 'बांग्ला अस्मिता' के मुद्दे की काट भाजपा नहीं कर पा रही। एसआईआर और घुसपैठिया विवाद के बीच अगर भाजपा बंगाल में महाराष्ट्र और बिहार की पुनरावृत्ति कर पाई तो उसका राष्ट्रीय राजनीति पर भी दूरगामी असर होगा।

दूसरा बड़ा और मुश्किल राज्य तमिलनाडु है। वहां द्रमुक की सरकार है, जो 'इंडिया' का घटक दल है। दशकों से तमिल राजनीति द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच बंटी रही, लेकिन जयललिता के निधन के बाद परिदृश्य बदला है। अन्नाद्रमुक और अभिनेता विजय के इर्दगिर्द भाजपा चुनावी बिसात बिछाना चाहती है, पर किसी चमत्कार की खुशफहमी उसे भी नहीं है। उत्तर भारत में भाजपा की लहर चलाने वाले मुद्दे दक्षिण में अभी तक तो नहीं चले हैं। एमके स्टालिन सरकार के विरुद्ध सत्ता विरोधी भावना के अलावा वंशवाद, भ्रष्टाचार और हिंदी विरोध सरीखे मुद्दे भी हैं, पर उनका चुनावी लाभ उठाने के लिए विश्वसनीय विकल्प भी चाहिए। भाजपा की रणनीति फिलहाल गठबंधन के जरिये मत प्रतिशत बढ़ाने की ज्यादा लगती है। पिछले लोकसभा चुनाव में अभिनेता सुरेश गोपी के सांसद बनने और हाल में तिरुवनंतपुरम में अपना मेयर बनाने के करिश्मे के बावजूद भाजपा केरल में हाशिये पर ही है। केरल में सत्ता राजनीति वाम मोर्चा 'एलडीएफ' और कांग्रेसी मोर्चा 'यूडीएफ' के बीच बंटी है। हालांकि हर चुनाव में सरकार बदल जाने का सिलसिला पिछली बार वामपंथी मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने तोड़ दिया। इस बार उनके विरुद्ध ज्यादा सत्ता विरोधी भावना की उम्मीद है, पर उसका चुनावी लाभ कांग्रेस को ही मिल सकता है। अपने अंतिम दुर्ग की सत्ता से विदाई वाम राजनीति के लिए बड़ा झटका साबित होगी। वहीं असम पूर्वोत्तर भारत की राजनीति का प्रवेश द्वार माना जाता है। वहां की सत्ता कब्जाने के बाद ही भाजपा का पूर्वोत्तर में विस्तार हुआ, जिसका श्रेय पूर्व कांग्रेसी हिमंता बिस्वा सरमा को जाता है। बंगाल की तरह असम में भी घुसपैठ बड़ा चुनावी मुद्दा है, जिस पर आक्रामकता के साथ कांग्रेस को भाजपा घेरती रही है। कांग्रेस की सारी उम्मीदें वहां गौरव गोगोई के नेतृत्व तथा क्षेत्रीय दलों से तालमेल पर टिकी हैं। पुदुचेरी की राजनीति अक्सर तमिलनाडु की राह चलती रही है, लेकिन 2021 से वहां भाजपा समर्थित एन रंगासामी सरकार है। 30 सदस्यीय पुदुचेरी विधानसभा में 10 सीटें जीतने वाली ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस ने छह सीटें जीतने वाली भाजपा के साथ मिल कर सरकार बनाई। अगर कांग्रेस और द्रमुक सत्ताविरोधी भावना का लाभ उठाते हुए आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो भाजपा को दक्षिण भारत में अपना एकमात्र शेष सत्ता दुर्ग भी गंवाना पड़ सकता है।

## सम्पादकीय

### आतंकवाद के खात्मे की राह में कई रोड़े



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया, जबकि सात अन्य घायल हो गए। सवाल है कि आखिर कश्मीर घाटी और देश के अन्य हिस्सों में आतंकवाद पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? आतंकियों पर लगाम कसने के सरकार के दावों के बीच इस तरह के नापाक मंसूबे कैसे फलीभूत हो पा रहे हैं, इस पर नए सिरे से मंथन की जरूरत है।

यह बात छिपी नहीं है कि भारत में आतंकवाद की जड़ें सीमा पार पाकिस्तान की जमीन में हैं। किश्तवाड़ जिले के सोननार क्षेत्र में जिन आतंकवादियों के साथ सुरक्षाबलों के जवानों की मुठभेड़ हुई, उनके विदेशी मूल के होने और पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने की बात कही जा रही है। सुरक्षाबलों ने इन आतंकियों की धर-पकड़ के लिए क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया था। घाटी में इस तरह के अभियान के दौरान सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की खबरें अक्सर आती रहती हैं। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि कश्मीर में सुरक्षाबलों का सूचना तंत्र मजबूत है, लेकिन इस तरह की वारदात में किसी जवान का शहीद हो जाना दुखद और चिंताजनक है। ऐसे में सीमा पार से आतंकी घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगाना सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू है। केंद्र सरकार की ओर से अक्सर यह दावा किया जाता है कि पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की बदौलत हाल के वर्षों में सीमा पर घुसपैठ की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग गया है। अगर यह सच है, तो फिर ज्यादातर वारदात में विदेशी आतंकियों का नाम सामने क्यों आता है? दावों और हकीकत के बीच के इस अंतर को समझने की जरूरत है। यह सवाल भी अहम है कि देश के भीतर सक्रिय आतंकियों के पास हथियार और गोला-बारूद कहां से आ रहा है और उनके वित्त पोषण का स्रोत क्या है! आतंकी तंत्र के लिए हवाला के जरिए पैसे भेजने की बात जगजाहिर हो चुकी है, लेकिन अब इसमें क्रिप्टो करंसी का नाम भी जुड़ गया है। सुरक्षा एजंसियों ने दावा किया है कि जांच में 'क्रिप्टो हवाला' तंत्र का पता चला है, जो जम्मू-कश्मीर में विदेशी धन का अवैध प्रवाह कर रहा है। जाहिर है कि इस तरह के वित्त पोषण से न केवल आतंकियों के लिए हमले का सामान जुटाया जाता है, बल्कि अलगाववादी तत्त्वों को सक्रिय करने में भी इसका इस्तेमाल किया जाता है। सुरक्षाबलों के लिए यह एक नई चुनौती है। आतंकवाद का बढ़ता खतरा अब वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। आधुनिक तकनीक के दुरुपयोग से यह खतरा और भी व्यापक एवं भयावह होता जा रहा है। आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित देशों में भारत भी शामिल है। हालांकि, हाल के वर्षों में देश के भीतर आतंकी वारदात में संख्या की लिहाज से कमी आई है, लेकिन लक्षित हमलों को और ज्यादा भीषण बनाने के प्रयास बढ़े हैं। वर्ष 2016 में पठानकोट हमला, 2017 में अमरनाथ यात्रियों पर हमला, वर्ष 2019 में पुलवामा हमला और पिछले वर्ष पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाने की घटना इसका उदाहरण है।

# ठाकरे के अंतिम किले में भी दरार

*सिर्फ बीएमसी जीतने की नहीं, बल्कि स्वयं को प्रासंगिक बनाए रखने की। राज ठाकरे और उनकी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के लिए यह परीक्षा थी कि क्या वे अब भी मुंबई की राजनीति में कोई मायने रखते हैं। इन सबसे बढ़कर एक प्रश्न और हवा में तैर रहा था कि क्या एकनाथ शिंदे की शिवसेना अब वास्तव में 'असली शिवसेना' बन चुकी है? मतदाता का फैसला इन सवालों पर साफ था और यह फैसला ठाकरे ब्रांड के लिए अब तक का सबसे बड़ा झटका साबित हुआ। ठाकरे बंधुओं की हार के कारण संरचनात्मक हैं और कुछ प्रतीकात्मक भी। जैसे 'धनुष-बाण' जैसा चुनाव चिह्न गंवाना, जो दशकों से मुंबई में मराठी अस्मिता, आक्रामक शहरी राजनीति और बालासाहेब ठाकरे की निर्भीक शैली का प्रतीक था। उसके बिना चुनाव लड़ते हुए उद्धव ठाकरे की शिवसेना लगातार सफाई देती, अपना परिचय कराती और अपनी वैधता*



अगर किसी नगर निकाय के चुनाव पर देश भर की निगाहें लगी हों तो उससे इसके महत्व को सहज ही समझा जा सकता है। बृहन्मुंबई महानगर पालिका यानी बीएमसी का चुनाव ऐसा ही रहा। यह चुनाव भारतीय राजनीति का सबसे बड़ा शहरी राजनीतिक ड्रामा बन गया। ऐसा ड्रामा, जिसमें सत्ता, विरासत, पहचान और भविष्य सब कुछ दांव पर लगा था। करीब ?75,000 करोड़ रुपये से अधिक के वार्षिक बजट वाली बीएमसी न केवल भारत का, बल्कि एशिया का सबसे समृद्ध नगर निकाय है।

यह वह संस्था है जिस पर न केवल मुंबई की सूरत सुधारने का दारोमदार है, बल्कि राजनीति के रंगरूटों को गढ़ने का भी यह एक माकूल मंच है। यही कारण है कि इसके चुनावों को लेकर उत्सुकता का भाव रहता है, लेकिन महानगर की सत्ता पर लंबे समय से काबिज शिवसेना के विभाजन, महाराष्ट्र की सत्ता राजनीति में आए ढांचागत बदलाव और बीस वर्षों बाद उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के एक साथ आने ने इस चुनाव को राष्ट्रीय सुर्खियों का विषय बना दिया। बीएमसी के माध्यम से मुंबई दशकों तक बालासाहेब ठाकरे की राजनीतिक प्रयोगशाला रही। यही वह मंच था, जहां से मराठी मानुस की राजनीति ने आकार लिया। हिंदुत्व ने शहरी तेवर पाया और कांग्रेस-विरोध एक स्थायी राजनीतिक मुद्दा बना। इसलिए इस चुनाव के परिणाम युगांतकारी जनादेश का संदेश थे। संदेशों का निहितार्थ ठाकरे परिवार की विरासत से भी जुड़ा है। उद्धव ठाकरे के लिए यह चुनाव राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई था। सिर्फ बीएमसी जीतने की नहीं, बल्कि स्वयं को प्रासंगिक बनाए रखने की। राज ठाकरे और उनकी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के लिए यह परीक्षा थी कि क्या वे अब भी मुंबई की राजनीति में कोई मायने रखते हैं। इन सबसे बढ़कर एक प्रश्न और हवा में तैर रहा था कि क्या एकनाथ शिंदे की शिवसेना अब वास्तव में 'असली शिवसेना' बन चुकी है? मतदाता का फैसला इन सवालों पर साफ था और यह फैसला ठाकरे ब्रांड के लिए अब तक का सबसे बड़ा झटका साबित हुआ। ठाकरे बंधुओं की हार के कारण संरचनात्मक हैं और कुछ प्रतीकात्मक भी। जैसे 'धनुष-बाण' जैसा चुनाव चिह्न गंवाना, जो दशकों से मुंबई में मराठी अस्मिता, आक्रामक शहरी राजनीति और बालासाहेब ठाकरे की निर्भीक शैली का प्रतीक था। उसके बिना चुनाव लड़ते हुए उद्धव ठाकरे की शिवसेना लगातार सफाई देती, अपना परिचय कराती और अपनी वैधता सिद्ध करती दिखी, मगर चुनावी राजनीति में यह कमजोरी का संकेत होता है, ताकत का नहीं। बालासाहेब ठाकरे की राजनीति मुख्य रूप से मराठी गौरव, आक्रामक हिंदुत्व और कांग्रेस विरोध पर टिकी थी और इन तीनों ही पहलुओं पर समझौता करके उद्धव की शिवसेना वैचारिक रूप से भी कमजोर दिखी। चुनावों में ठाकरे गुट की 'विकास-विरोधी' होने की छवि भी गहराती चली गई। 1997 से 2022 तक लगभग 25 वर्षों तक बीएमसी पर नियंत्रण के बावजूद ठाकरे खेमे के पास ऐसा कोई ठोस विकास माडल नहीं था, जिसे वे आत्मविश्वास के साथ मतदाताओं के सामने रख सकें। मुंबई जैसे शहर में, जहां मेट्रो, कोस्टल रोड, ट्रांस-हार्बर लिंक और पुनर्विकास परियोजनाएं शहरी जीवन की नई परिभाषा बन चुकी हैं, वहां केवल भावनात्मक अपील पर्याप्त नहीं रही। मतदाता मराठी हो या गैर-मराठी, यह पूछ रहा था कि इतने वर्षों की सत्ता के बाद दिखाने के लिए क्या है? मराठी मानुस का वोट बैंक भी अब उद्धव ठाकरे, एकनाथ शिंदे, भाजपा और राज ठाकरे के बीच बंट चुका है। अब मुंबई शहर रोजगार, आवास, पर्यावरण और जीवन-स्तर की बात करता है।

# पाकिस्तान से सावधान

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगल में छिपे आतंकियों से मुठभेड़ में एक जवान के बलिदान और आठ जवानों के घायल होने से फिर से यह रेखांकित हो रहा है कि इस राज्य में आतंकवाद की कमर तोड़ना अभी शेष है। निःसंदेह आपरेशन सिंदूर के बाद आतंकियों की गतिविधियों में कुछ कमी आती अवश्य दिखी है, लेकिन तथ्य यह है कि वे पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। इसी के चलते सुरक्षा बलों से आतंकियों की मुठभेड़ होती रहती है। कश्मीर में आतंकवाद की कमर पूरी तरह न टूट पाने का बड़ा कारण पाकिस्तान है, जो न केवल आतंकियों की घुसपैठ कराता है, बल्कि मजहब की आड़ लेकर कश्मीरी युवाओं को बंदूक उठाने के लिए उकसाता है।



समस्या यह है कि कश्मीर में अब भी आतंक के समर्थक मौजूद हैं। वे पाकिस्तान का काम आसान करते हैं और आतंकियों को सहयोग एवं संरक्षण देते हैं। यह स्वाभाविक ही है कि किश्तवाड़ के जंगलों में छिपे आतंकियों को स्थानीय तत्वों से मदद मिली होगी। हालांकि आतंकियों के ऐसे समर्थकों के खिलाफ रह-रह कर कार्रवाई होती रहती है, लेकिन उन पर और शिकंजा कसने की जरूरत है। यह काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए और इसमें सफलता तब मिलेगी, जब आतंकियों के खुले-छिपे समर्थकों की निगरानी और गहनता से की जाएगी। इस काम में खुफिया एजेंसियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। 7परेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान इसे लेकर सतर्क हो गया है कि जम्मू-कश्मीर की आतंकी गतिविधियों के पीछे उसका हाथ न दिखे। इसके लिए वह कश्मीरी युवाओं को आतंकी बनाकर उन्हें आगे करने की रणनीति पर जोर दे रहा है। इस क्रम में वह अपने इलाकों में आतंकियों के प्रशिक्षण शिविर चला रहा है। कुछ ही दिनों पहले भारतीय सेना प्रमुख ने यह बताया था कि पाकिस्तान अपने यहां आतंकियों के आठ ट्रेनिंग कैंप चला रहा है। इनमें दो अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास चल रहे हैं और छह नियंत्रण रेखा के पास। उनके अनुसार इन कैंपों में सौ-डेढ़ सौ आतंकी प्रशिक्षण पा रहे होंगे। उचित यह होगा कि भारत इन आतंकी अड्डों के पते-ठिकाने उजागर कर पाकिस्तान को आगाह करे कि उसकी भारत विरोधी हरकतें उससे छिपी नहीं।

# अखिल भारतीय मृदा आर्थ्रोपोड कीट नेटवर्क परियोजना की 26वीं समूह बैठक का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के तत्वावधान में संचालित अखिल भारतीय मृदा आर्थ्रोपोड कीट नेटवर्क परियोजना की 26 वीं समूह बैठक का आज राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा, जयपुर में विधिवत उद्घाटन किया गया। यह बैठक श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, माननीय कुलगुरु, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राव राजेन्द्र सिंह, सांसद (जयपुर ग्रामीण) रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पूनम जसरोटिया, सहायक महानिदेशक (पौध संरक्षण एवं जैव-सुरक्षा), आईसीएआर, नई दिल्ली तथा डॉ. डी. के. यादव, उप महानिदेशक (फसल विज्ञान), आईसीएआर, नई दिल्ली उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में देश के विभिन्न राज्यों से आए कीट वैज्ञानिक, अनुसंधानकर्ता व विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. उम्मेद सिंह, निदेशक अनुसंधान, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की ओर से स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, वैज्ञानिकों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि मृदा आर्थ्रोपोड कीट कृषि पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण घटक हैं और उनकी भूमिका को समझे बिना टिकाऊ कृषि की कल्पना संभव नहीं है। इसके पश्चात डॉ. बी. एल. जाखड़, नेटवर्क समन्वयक की ओर से परियोजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उन्होंने देश के विभिन्न अनुसंधान केंद्रों पर किए जा रहे अनुसंधान कार्यों, प्रमुख उपलब्धियों, क्षेत्रीय चुनौतियों एवं भविष्य की अनुसंधान प्राथमिकताओं की विस्तृत जानकारी दी। अपने संबोधन में डॉ. पूनम जसरोटिया, सहायक महानिदेशक, आईसीएआर, नई दिल्ली ने कहा कि मृदा आर्थ्रोपोड कीटों का अध्ययन केवल फसल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मृदा स्वास्थ्य, जैव विविधता संरक्षण तथा जलवायु अनुकूल कृषि से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने पर्यावरण-अनुकूल व टिकाऊ कीट प्रबंधन रणनीतियों को अपनाने पर विशेष बल दिया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, कुलगुरु, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने कहा कि वर्तमान समय में मृदा आधारित कीट समस्याएँ जलवायु परिवर्तन, फसल चक्र में बदलाव और रासायनिक इनपुट्स के अत्यधिक उपयोग के कारण लगातार जटिल होती जा रही हैं। उन्होंने लेज़र आधारित सटीक खेती जैसी कृषि तकनीकों को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे संसाधनों का कुशल उपयोग संभव होगा। साथ ही उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से मृदा आर्थ्रोपोड कीटों की पहचान, निगरानी व प्रबंधन की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई आधारित तकनीकें समय पर निर्णय लेने व क्षेत्र-विशेष कीट प्रबंधन में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकती हैं। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि उन्नत तकनीकों को प्रयोगशाला से खेत तक पहुँचाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएँ। कुलगुरु के उद्बोधन के पश्चात डॉ. डी. के. यादव, उप महानिदेशक (फसल विज्ञान), आईसीएआर, नई दिल्ली ने अपने संबोधन में मृदा आधारित कीट समस्याओं के समाधान के लिए समन्वित एवं बहुविषयक अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने फसल विज्ञान, मृदा विज्ञान व कीट विज्ञान के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर क्षेत्र-विशेष तकनीकों के विकास पर जोर दिया। मुख्य अतिथि राव राजेन्द्र सिंह सांसद (जयपुर ग्रामीण) ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों की घटती लाभप्रदता एक राष्ट्रीय चिंता का विषय है। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को कम करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे न केवल उत्पादन लागत बढ़ती है बल्कि मृदा स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि मृदा में छिपे कीट किसानों को दिखाई नहीं देते, किंतु वे फसलों को गंभीर क्षति पहुँचा सकते हैं। ऐसे में मृदा आर्थ्रोपोड कीटों पर आधारित यह राष्ट्रीय परियोजना किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने वैज्ञानिकों से अपेक्षा की कि वे अपने अनुसंधान निष्कर्ष सरल भाषा में किसानों तक पहुँचाएँ, ताकि किसान उन्हें अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार कृषि अनुसंधान, नवाचार व टिकाऊ खेती को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है तथा इस प्रकार के वैज्ञानिक आयोजनों से नीति निर्माण को सशक्त आधार मिलता है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. हरफूल सिंह, निदेशक, राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा की ओर से धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, वैज्ञानिकों, प्रतिभागियों व आयोजन से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## विधानसभा सत्र को लेकर कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम की स्थापना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के पंचम सत्र की बैठक 28 जनवरी से प्रारम्भ होने जा रही है। विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित व अतारांकित प्रश्नों सहित ध्यानाकर्षण, विशेष उल्लेख व अन्य प्रस्तावों के समयबद्ध व समुचित प्रत्युत्तर भिजवाने के लिए जिला कलेक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष कार्यदिवसों के साथ-साथ राजकीय अवकाश के दिनों में भी प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक दो पारियों में संचालित किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) नरेन्द्र कुमार वर्मा को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी और संस्थापन अधिकारी बाबूलाल मीणा को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियंत्रण कक्ष से संबंधित मोबाइल नंबर 9785273342 तथा ई-मेल आईडी generalsectionjpr@gmail.com निर्धारित की गई है। नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन के लिए 12 अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष को प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण अथवा विशेष उल्लेख प्रस्तावों को रजिस्टर में दर्ज कर तत्काल संबंधित शाखा को प्रेषित किया जाएगा। संबंधित शाखा प्रभारी की ओर से निर्धारित समय में उत्तर तैयार कर नियंत्रण कक्ष प्रभारी को अवगत कराया जाएगा, जिससे उत्तर समय पर विधानसभा को प्रेषित किए जा सकें।

## गोपालपुरा में 15 दिनों में बाई पास रोड़ चालू करने की मांग



जयपुर टाइम्स


**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती गांव गोपालपुरा के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर बाई पास रोड को चालू करने की मांग की। अजीत जानू के नेतृत्व में नायब तहसीलदार असलम खान को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि गांव में ओवरलोड वाहनों के कारण कई घंटों तक सड़क पर ट्रैफिक जाम रहता है, इसलिए बाई पास रोड चालू की जावे। अगर ऐसा 15 दिनों में नहीं हुआ, तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे। इस दौरान अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। इसके बाद सभी लोग पंचायत समिति गए और वहां पर तहसीलदार व अन्य अधिकारियों से मिलकर समस्या समाधान की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान हरीप्रसाद शर्मा, ओमप्रकाश प्रजापत, मुरारी माली, गणेश माली, नेमीचंद प्रजापत, महिपाल चारण, चतरसिंह पंवार, बींजाराम सारण, पवन गुप्ता, सुल्तानसिंह चारण, मनोज प्रजापत, दुर्गादत शर्मा, हेमराज चंदेलिया, श्रवण मेघवाल, विनोद जाखड़, मनीष सारण, बीरबल, बुधाराम, चैनाराम, डालाराम, रामेश्वरलाल आदि मौजूद रहे।

## सांसद के जन्मदिन पर की गौसेवा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सांसद राहुल कस्वा, कांग्रेस नेता रफीक मंडेलिया के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गोपाल गौशाला में गौसेवा की। इस दौरान विधायक मनोज मेघवाल, सभापति निलोफर गौरी, उप सभापति अमित मारोठिया, डॉ. योगिता सक्सेना, कांग्रेस नेता हितेष जाखड़, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस के अध्यक्ष फारूक भूट्टा, शंकर स्वामी, मदन सोनी, रेखाराम सहित अनेक कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी को 7 वर्ष का कठोर कारावास



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** करीब साढ़े 5 साल पुराने दुष्कर्म के मामले में जिला व सेशन न्यायालय धौलपुर ने एक आरोपी को 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। कोर्ट के लोक अभियोजक शैलेंद्र मथुरिया ने बताया कि मामला धौलपुर जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र का है। जहां एक पीड़िता ने 28 जुलाई 2020 को थाने में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पीड़िता ने बताया कि राजाखेड़ा थाना क्षेत्र का रहने वाला युवक लवकुश मुझे बहला फुसलाकर ले गया और मेरे साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। साथ ही फोटो खींचकर ब्लैकमेल करने के साथ-साथ जान से मारने की धमकी दी। प्रकरण में जिला व सेशन न्यायाधीश संजीव मांगो ने सुनवाई करते हुए मंगलवार को आरोपी लवकुश पुत्र परमसुख को दोषी मानते हुए उसे 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## हर गिरदावर सर्किल में लगेगा कृषि शिविर एग्रीटेक मीट पर की पहल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** प्रदेश सरकार किसानों और पशुपालकों को नई कृषि तकनीक, सरकारी योजनाओं और नवाचारों से जोड़ने के लिए पहल कर रही है। प्रदेश के हर गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय विशेष कृषि शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा किसानों की एग्रीटेक मीट में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्हें योजनाओं का ऑन-द-स्पॉट लाभ मिलेगा। शिविर का उद्देश्य किसानों और पशुपालकों की अधिकतम भागीदारी, कृषि व संबद्ध विभागों की योजनाओं की जानकारी और त्वरित लाभ, तकनीक, नवाचार और बाजार से सीधा जुड़ाव, योजनाओं पर तत्काल मार्गदर्शन और समाधान आदि चीजों से किसानों को जोड़ना है। शिविरों की शुरूआत बसंत पंचमी से होगी। इनमें 24, 25, 31 जनवरी, 1 फरवरी और 5 से 9 फरवरी को शिविर लगेंगे। शिविर कुल 10 दिन चलेंगे। इनका समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रहेगा। शिविरों में कृषि व उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन और डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा व उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## प्रजापति समाज ने मां श्री यादे जयंती धूमधाम से मनाई, शोभायात्रा निकाली

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** जयपुर के सांगानेर क्षेत्र में मंगलवार को प्रजापति समाज की ओर से मां श्री यादे जयंती महोत्सव पूरे श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। टोंक रोड स्थित श्रीकृष्णा पेराडाईज, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन श्री यादे प्रजापति सेवा समिति के सान्निध्य में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों की ओर से मां श्री यादे की मूर्ति व चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर की गई। सुबह सांगानेर के गोविंदपुरा स्थित ठाकुर महाराज मंदिर से डीजे के साथ भव्य रथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। रथ में विराजित मां श्री यादे की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा ठाकुर महाराज मंदिर से प्रारंभ होकर कालाबड़, गोवर्धन नगर टोल टैक्स, होटल एसके के पास होते हुए श्रीकृष्णा पेराडाईज, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह समाजबंधुओं व नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा के समापन के पश्चात श्रीकृष्णा पेराडाईज में अतिथि व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांगानेर उपखंड अधिकारी विकास प्रजापत रहे। विशिष्ट अतिथियों में मदन प्रजापत (प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा), पीएल प्रजापति (अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय मुहाना मंडी जयपुर), सुनील प्रजापत सरपंच मुहाना, रमेश प्रजापत (खाजलपुरा), सीताराम महाराज, सत्यानंद महाराज, धन्नालाल प्रजापत (भाजपा मंडल अध्यक्ष, हवामहल विधानसभा), भगवान सहाय प्रजापत (राजस्थान पुलिस), मुकेश प्रजापत (वाटिका पटवारी) , धर्मेन्द्र सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रामावतार प्रजापति (ठीकरिया) एवं सुरेश प्रजापति (बिडोली) ने किया। बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लेकर जयंती महोत्सव को सफल बनाया। अंत में मां श्री यादे को भोग अर्पित कर दोना प्रसादी वितरित की गई। शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का आनंद लिया।

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने लखनऊ में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पार्क का किया अवलोकन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लखनऊ प्रवास के दौरान राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पार्क का अवलोकन किया। उन्होंने इस प्रेरणादायी स्थल को राष्ट्र के महापुरुषों के विचारों और मूल्यों को जीवंत रखने वाला सशक्त माध्यम बताया और कहा कि ऐसे स्थल नई पीढ़ी को देशभक्ति, सेवा और समर्पण की प्रेरणा प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पार्क में स्थापित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य प्रतिमा का अवलोकन करते हुए देवनानी ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और सशक्त भारत के निर्माण के लिए समर्पित रहा है। उनकी वाणी, विचार और कृतित्व आज भी देश को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। देवनानी ने पार्क परिसर में स्थापित अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं, स्मृति स्तंभों, प्रेरक उद्धरणों, स्वच्छ व सुव्यवस्थित हरित वातावरण और वास्तुशिल्पीय सौंदर्य की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पार्क केवल एक उद्यान नहीं, बल्कि राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास, विचारधाराओं और आदर्शों का जीवंत संग्रहालय है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणा स्थलों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रनिर्माण के प्रति चेतना जागृत होती है और समाज में सकारात्मक सोच का विस्तार होता है। देवनानी ने उत्तर प्रदेश सरकार व पार्क प्रबंधन को इस उत्कृष्ट और प्रेरणादायी पहल के लिए बधाई दी और कहा कि अन्य राज्यों को भी इस प्रकार के प्रेरणा स्थलों की स्थापना से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा भी मौजूद रहे।

## डिस्कॉम जनसुनवाई में आए 32 प्रकरण 19 को मौके पर समाधान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जयपुर डिस्कॉम के एक्सएईन विवेक शर्मा ने मच कुंड रोड धौलपुर कार्यालय पर जनसुनवाई की जिसमें बिजली से संबंधित 32 प्रकरण सामने आए।12 उपभोक्ता ऐसे आए जिनको बिजली बिल मे समस्या थी उनको सुना गया व बिल संशोधित की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। 6 मामले विद्युत आपूर्ति के आए जिनमे संबंधित जेईएन को सुधार के निर्देश दिए गए हैं। एक्सएईएन विवेक शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 मे डिस्कॉम की ओर से निर्धारित 100' राजस्व वसूली लक्ष्य को प्राप्त के लिए व उपभोक्ताओं की बिल समस्याओं का समाधान करने के लिए विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया गया है और उपखंड में शिविर भी लगाए जा रहे हैं। जनसुनवाई में 5 से 10 वर्ष पुराने बिजली कनेक्शन के बिल संबंधित प्रकरण भी आए जिनका निस्तारण के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। एक्सएईएन ने कटे हुए उपभोक्ताओं से अपील की है कि वो बकाया राशि जमा कराकर नए कनेक्शन लेने के लिए आवेदन कर दे जिससे उनको कनेक्शन जारी कर मुख्य धारा में लाया जा सके।वही दरियापुर बिजलीघर, मोरोली बिजलीघर, सागरपाड़ा, भोगीराम कॉलोनी में शिविर आयोजित किए गए जिनमे गैर उपभोक्ता को कनेक्शन लेने के लिए आवेदन करने को प्रेरित किया गया। वही डीसी/पीडीसी उपभोक्ताओं के परिसरों की जाँच की गई व बकाया बिल जमा कराने का तगादा किया गया है। डिस्कॉम बिल बकायेदारों से लगातार बकाया राशि जमा कराने की अपील कर रहा है वही स्थानीय स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्थानीय स्तर पर लाभ मिल सके।

## सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने निभाई भागीदारी

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से यातायात पुलिस की सहयोग से मनाई जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चलकर भागीदारी निभाई है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि हमारे द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिताओं को आयोजन कराया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई है। निबंध प्रतियोगिता में केशव दास विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय के सोनाराम प्रथम, गौरी राजोरिया द्वितीय व राहुल कुशवाहा तृतीय स्थान पर है। न्यू एरा विद्यालय में अक्षिता मीणा, प्रथम कृतिका यादव द्वितीय व वैष्णवी गोयल तृतीय स्थान पर रहे। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में शिवानी प्रजापति प्रथम, सोनम द्वितीय व काजल तृतीय स्थान पर रही। पंडित उमादत्त पब्लिक स्कूल में हर्षिता त्यागी प्रथम, मुस्कान परमार द्वितीय व भात्य दीक्षित तृतीय स्थान पर रही। पीएम श्री सिटी कोतवाली विद्यालय में श्रेया परमार प्रथम स्थान, प्राची मथुरिया द्वितीय व खुशी ने तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के वीक्षक पूजा नरसल व शांति कुमारी रही। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने कहा कि हमारा देश विद्यार्थियों को रोचक तरीके से यातायात नियमों की बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है इसके लिए विभाग को प्राप्त निर्देश की पालना में निबंध प्रतियोगिता स्लोगन प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है।

## नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा का पूरे देश में परचम लहराएगाः राजावत

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला भाजपा कार्यालय धौलपुर पर भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के चुने जाने पर जिला कार्यालय पर हर्ष का माहौल रहा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के नेतृत्व में कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को मिठाई वितरित की गई और आतिशबाजी कर खुशी मनाई गई राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि नितिन नवीन के रूप में हमें एक युवा अध्यक्ष मिला है जो भाजपा को नई ऊंचाइयां देगा व कार्यकर्ता व देश हित के लिए नए फैसले लेगे, इस अवसर पर धौलपुर करौली सांसद डॉ मनोज राजोरिया, पूर्व मंत्री जगमोहन बघेल पूर्व विधायक बसेड़ी सुखराम कोली, धौलपुर विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर शिवचरण कुशवाहा, पूर्व जिला प्रमुख दुर्ग सिंह अंधाना, पूर्व जिला अध्यक्ष बांकेलाल लोधा, जिला मंत्री विजय त्यागी, जिला उपाध्यक्ष नागवेंद्र सिंह चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयवीर पोसवाल पूर्व कार्यालय मंत्री नंदकिशोर शुक्ला, अल्प संख्यक मोर्चा सगीर खान, पूर्व जिला मंत्री विनय परमार, भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी व जिला मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, राजा भैया, सोशल मीडिया संयोजक ऋतिक वर्मा, डॉ मनोज शर्मा, बीके कुशवाहा, मजन सिंह जादौन, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुस्ताक कुरैशी, जाटोली मंडल अध्यक्ष राधेश्याम सक्सेना, प्रदीप सिसौदिया, दीपसिंह कुशवाह, पार्षद इमरान कुरेशी, मोहन प्रकाश, सौरभ कुशवाह, सुनील त्यागी, मनीष तोमर, गगन बघेल, लोकेंद्र चौहान, राजकुमार गुर्जर, वेद प्रकाश शर्मा, अनमोल बंसल, फैजल खान, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के भ्रम जाल को तोड़ने उतरी भाजपा, वीबीजीरामजी जन जागरण अभियान से गांव-गांव पहुंचेगा विकास का सच

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी धौलपुर की ओर से वीबी जी रामजी जन जागरण अभियान को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय, धौलपुर में एक प्रभावी प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, पूर्व सांसद डॉ. मनोज राजोरिया, अभियान के जिला संयोजक बाचाराम बघेल, सह संयोजक जयवीर पोसवाल, प्रदीप सिसौदिया, दीपसिंह कुशवाह, पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह बघेल, चारों विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी व पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व सांसद डॉ. मनोज राजोरिया ने कहा कि कांग्रेस वर्षों से गांव, गरीब और मजदूर के नाम पर केवल राजनीति करती आई है, जबकि धरातल पर उसके पास दिखाने को कुछ नहीं है। वीबीजीरामजी अभियान के माध्यम से भाजपा गांव-गांव जाकर जनता को यह बताएगी कि कैसे मोदी सरकार ने योजनाओं को काग़ज़ से निकालकर ज़मीन पर उतारा है। कांग्रेस भ्रम फैलाने की राजनीति करती है और भाजपा समाधान देने की। उन्होंने कहा कि मनरेगा, गरीब कल्याण, आवास, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे विषयों पर कांग्रेस केवल झूठा नैरेटिव गढ़ती है, जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार ने इन योजनाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि वीबी जी रामजी जन जागरण अभियान कांग्रेस के झूठ और अफवाहों का जवाब है। कांग्रेस जनता को डर और भ्रम में रखकर राजनीति करना चाहती है, जबकि भाजपा जनसेवा और विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर सरकार की योजनाओं की सही जानकारी देंगे और यह बताएंगे कि कैसे भाजपा ने गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है। अभियान के जिला संयोजक बाचाराम बघेल ने कहा कि वीबी जी रामजी अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनजागरण का अभियान है। इसका उद्देश्य कांग्रेस की ओर से फैलाए जा रहे भ्रम को समाप्त कर जनता को विकास की सच्ची तस्वीर दिखाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जनसंवाद, चौपाल, बैठकों और घर-घर संपर्क के माध्यम से लोगों को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया जाएगा।

## सांसद राहुल कसवा का जन्मदिन मनाया



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** चूरू सांसद राहुल कस्वां का जन्मदिन अंचल में धूमधाम से मनाया गया। मुकेश पुजारी सचीन पुजारी ने बताया कि सांसद राहुल कस्वां के जन्मदिन पर श्री बालाजी गौशाला में गौमाता को छप्पन भोग लगाकर गौमाता कि पूजा अर्चना कर महाआरती की गई। श्री बालाजी महाराज से अरदास कर लंबी आयु की कामना की। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार ढाका, गौशाला अध्यक्ष रवि शंकर पुजारी, सीआर फगेड़िया, सूर्य पुजारी, नरेंद्र गुलरिया, सूर्य प्रकाश शर्मा, विकास जाखड़, गजानन शर्मा, लालचंद पनिहार, बाबूलाल राव सहित अनेक कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सोशल मीडिया पर दिनभर चूरू सांसद राहुल कस्वा को बधाई दी गई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, जयपुर यूनिवर्सिटी अध्यक्ष निर्मल चौधरी, लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, कांग्रेस नेता सौरभ ढाका, युवा छात्र नेता राहुल ढाका, यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मनोज ढाका गुडावडी, पूर्व सरपंच महेंद्र ढुकिया, विजयपाल चाहर, मंगेज चोधरी, बलवान पूनिया, संजय ढुकिया, अंकित ढाका, ईशा ढाका सहित अनेक लोगों ने बधाई दी।

## गौवंश की सेवा कर मनाया सांसद व मंडेलिया का जन्मदिन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने नगर सेवादल शांतिलाल नाहटा के नेतृत्व में सांसद राहुल कस्वां व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के जन्मदिन के अवसर पर गौशाला बास स्थित गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर धर्म-कर्म के कार्य करते हुए सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला मीडिया कोर्डिनेटर राकेश पारीक, ओमप्रकाश नाई, विमल जम्मड़, मोतीलाल जाखड़, पंकज भार्गव, मुश्ताक बहलीम, दीपक सेठिया, सोनू नाई, उतम पारीक, अजय सोनी, दीपक किलाणिया सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं के जन्मदिन पर सेवा का कार्य करते हुए जन्मदिन की बधाइयां दी।

## शक्ति संघर्ष 25-26: दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** लक्ष्मीपति सिंघानिया एकेडमी में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता 'शक्ति संघर्ष 25-26' का भव्य शुभारंभ 20 जनवरी को उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के माननीय प्रधानाचार्य श्री दीपक पुरोहित ने किया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर प्रधानाचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक एवं नैतिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों के लिए शूज रेस, जलेबी रेस, होप रेस एवं प्लेट बैलेंस रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं कक्षा 3 से कक्षा 7 तक के विद्यार्थियों के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़ एवं रिले रेस आयोजित की गईं। सभी छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह, जोश व खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी शारीरिक क्षमता, अनुशासन और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया।

## गोमती कॉलेज की छात्रा पूनम कुमारी का होगा भव्य सम्मान

जयपुर टाइम्स

**बड़ागांव(निस)।** बस स्टैंड स्थित गोमती देवी पीजी कॉलेज की एनसीसी छात्रा पूनम कुमारी पुत्री राजवीर सिंह गांव लोयल का जयपुर स्थित आर्मी डे परेड में चयन हुआ। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आर्मी के चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की ओर से सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह के बारे में कॉलेज के निदेशक डॉ.सी. एल. शर्मा ने बताया कि कल कॉलेज में एनसीसी पिलानी के सीओ कर्नल हरमिंद्र सिंह और सूबेदार छत्रपाल सिंह की ओर से भव्य सम्मान किया जाएगा। छात्रा के माता-पिता को भी इस सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया है।



## जरूरतमंदों को सर्दी से राहत प्रदान करने के लिए स्वेटर वितरित

जयपुर टाइम्स



**सालासर(निस)।** श्री हनुमान सेवा समिति, सालासर (चूरू) की ओर से समाज सेवा के अंतर्गत सीकर में मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह में निराश्रित, दशरथ मनोविकास संस्थान में मानसिक विमंदित बालकों और स्वयं सिद्धा आश्रम के रहवासियों के लिए एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अतिरिक्त जिला कलेक्टर रत्न कुमार स्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, सीकर की उपनिदेशक प्रियंका पारीक व श्री हनुमान सेवा समिति, सालासर के अध्यक्ष श्री सत्य प्रकाश दाधीच की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान श्री हनुमान सेवा समिति, सालासर (चूरू) की ओर से जरूरतमंदों को सर्दी से राहत प्रदान करने के लिए स्वेटर, कंबल व जैकेट वितरित किए गए। समिति की ओर से किए गए इस पुनीत एवं मानवीय कार्य की सीकर प्रशासन की ओर से सराहना व प्रशंसा की गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रत्न कुमार स्वामी ने अपने उद्बोधन में श्री हनुमान सेवा समिति, सालासर के सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य समाज के कमजोर वर्गों के लिए संबल बनते हैं और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने समिति को भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। श्री हनुमान सेवा समिति, सालासर (चूरू) की ओर से निरंतर समाज के वंचित, असहाय व जरूरतमंद वर्गों के लिए किए जा रहे सेवा कार्य वास्तव में अनुकरणीय व प्रेरणादायक हैं। इस दौरान हनुमान सेवा समिति के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज पुजारी, पूर्व अध्यक्ष सदानंद पुजारी, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मवीर पुजारी, मांगीलाल जाखड़, बबलू पुजारी सहित पुजारी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग से लौटे सत्येंद्र योगी का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** सीकर शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर परिसर में नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में सहभागिता कर लौटे जिले के युवा नेतृत्वकर्ता सत्येंद्र योगी के सम्मान में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व प्रतिनिधियों ने उन्हें साफा पहनाकर, माला एवं



पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें खाटूश्याम जी की प्रतिमा भेंट कर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सत्येंद्र योगी की राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता से शेखावाटी क्षेत्र का गौरव बढ़ा है तथा विद्यार्थियों को नीति-निर्माण और नेतृत्व के प्रति नई प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम में सत्येंद्र योगी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसे मंच युवाओं को देश के विकास में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी शिक्षा, युवाओं व समाजहित से जुड़े कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने की बात कही।

## शहीद मोहनसिंह राजकीय विद्यालय भवन को जर्जर बताकर शिफ्ट करने का विरोध

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के नरोदडा के शहीद मोहनसिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय,(पश्चिम) को जर्जर बताकर शिवराना का बास में शिफ्ट करने का ग्रामीणों ने विरोध किया। शिक्षाविद रामेश्वर सिंह ख्यालिया ने बताया कि हमें शहीद मोहनसिंह की शहादत पर गर्व है। शहीद पुत्र केशरदेव व ग्रामीणों की ओर से 5 साल के अथक प्रयास करने के बाद स्कूल का नामकरण शहीद मोहनसिंह के नाम हुआ तो ग्रामीणों ने इसे शहीद को सम्मान की संज्ञा देकर खुशियां मनाई थी। शिक्षा विभाग ने भवन मरम्मत योग्य होने के बावजूद इसे जर्जर एवं ध्वस्त करने योग्य बताकर आनन फानन में शिफ्ट करने के आदेश जारी कर दिए। विधायक कोटे से मरम्मत के लिए स्वीकृत 5 लाख रुपए खर्च न कर लैप्स करवा दिए। विद्यालय में 70 नामांकन है, पर्याप्त भवन है। इस विद्यालय के चारों ओर चारदीवारी बनी हुई है और खेल मैदान के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। ट्यूबवेल है और सैकड़ों पेड़ लगे हुए हैं। पानी की टंकी बनी हुई है और आथूना बास एवं अंबेडकर (वर्मा) कॉलोनी के बच्चों के लिए यह सबसे नजदीकी स्कूल है और इसमें सामान्य परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। वर्तमान स्कूल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर शिफ्ट करने से केवल 30 बच्चे ही पहुँच रहे हैं। इसे मरम्मत होने तक गाँव के बिचला बास में शहीद स्मारक से सटते राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के खाली व उपयुक्त पड़े भवन में शिफ्ट किया जा सकता था, लेकिन स्कूल से शहीद का नाम हटाने की नीयत से इसे दूर स्कूल में शिफ्ट किया गया है। ग्रामीणों ने विद्यालय की मरम्मत करवाकर यथावत रखने की बात कही।यदि सरकार बजट नहीं देती है तो विद्यालय की मरम्मत जनसहयोग से करवा ली जाएगी।

## सालासर में श्रीयादें माता जयंती हर्षोल्लास से मनाई

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** स्थानीय प्रजापति भवन में कुम्हार प्रजापति समाज की आराध्य देवी श्री यादे माता की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनायी। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रजापति समाज सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष बालचन्द प्रजापत ने मां श्रीयादे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर देवी भक्त शिरोमणि श्री यादे माता के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि भक्त शिरोमणि ने प्रहलाद को हरी नाम का उपदेश देखकर प्रलय कारी राजा हिरण्यकश्यप कश्यप के प्रकोप को सकल जगत की रक्षा कर हमारे कुम्हार समाज का गौरव बढ़ाया था। इस अवसर पर प्रजापति समाज सेवा समिति के अध्यक्ष श्रवण सारडीवाल ने कहा है कि आज भारत वर्ष में हर क्षेत्र में मां श्री यादे माता मंदिरों में स्थापित है। स्वजातीय श्रद्धालुओं की श्रीयादे माता में गहरी आस्था है उन सभी कुम्हार समाज के भाइयो को मां के उपदेश को अपने जीवन में उतार कर समाज कल्याण सेवा हितार्थ काम करना चाहिए। इस अवसर पर प्रजापति समाज सेवा समिति के कोषाध्यक्ष मुरलीधर प्रजापत, पूर्व अध्यक्ष रामनिवास प्रजापत, रामचंद्र प्रजापत, भंवरलाल प्रजापत, राम अवतार चुनगरिया, सुरेंद्र प्रजापत, नेमीचंद प्रजापत, शंकर लाल प्रजापत, दीपेश प्रजापत, रामेश्वर लाल प्रजापत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



## सिपाही सहित 6 लोगों ने किया रक्तदान

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** सिपाही सहित 6 लोगों ने अनजान मरीजों के लिए रक्तदान किया है। ब्लड बैंक में सभी रक्त ग्रुप की कमी के चलते टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की अपील पर सिपाही कमलेश सामरिया, विजय पाल श्योराण, ओमप्रकाश सामरिया, मलसीसर के भंवरलाल धेतरवाल, राजू प्रजापत, राकेश गुलेरिया आदि अलग अलग बेहद जरुरतमंद अनजान मरीजों के लिए बेशकीमती रक्तदान किया।

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु/स्टोर शाखा/2025/10657 दिनांक :– 16.01.2026

**निविदा सूचना–2025–26**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्य के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 22.01.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 22.01.2026 को दोपहर 01:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 04:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक– DLB2526SSOB30768 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/18023

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु/स्टोर शाखा/2025/10664 दिनांक :– 16.01.2026

**निविदा सूचना–2025–26**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्य के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 22.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 22.01.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 04:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक– DLB2526GSOB30769 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/18024

| राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary |
|---|---|
| साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |

आषाढ़ 23, सोमवार, शाके 1947- जुलाई 14, 2025
Asadha 23, Monday, Saka 1947- July 14, 2025

सत्यमेव जयते

**प्रपत्र - 7**
**धारा-11 भूमि अर्जनए पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकारी अधिनियम 2013 के अन्तर्गत)**
**नियम 16 का उपनियम - ( 1द्द देखें**

**प्रारम्भिक अधिसूचना**

Rajkaj 16099034 भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के अन्तर्गत राज्य सरकार को ऐसा प्रतित होता है कि ग्राम खारिया में परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 की घोषणा संख्या - 14.111, दिनांक 10.07.2024 द्वारा घोषित कार्य रेलवे अण्डर ब्रिज द्वाराए स्वीकृत रेलवे अण्डर ब्रिज (आर. यू.बी) अन्तर्गत स्वीकृत मोलीसर रतनगढ़ रेलवे स्टेशन (312/0-1) के मध्य आयुबी रतनगढ़ (चूरू) का निर्माण कार्य विकसित किये जाने हेतु लोक हितार्थ के लिए जिला - चूरूए तहसील रतनगढ़ के संलग्न अनुसूची की सम्बन्ध सारणी के कॉलम 1 से 6 तक में उल्लेखित एक राजस्व ग्राम खारया हरिपुरा में कुल तीन (03) खसरा नम्बरों का आंशिक भाग का 0.407 हेक्टयर क्षेत्रफल भूमि की जनहित में आवश्यकता है। जिसे अधिग्रहित किया जाना अत्यावश्यक है।

**प्रारम्भिक अधिसूचना**

भूमि-अर्जनए पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के अन्तर्गत राजस्थान भूमि अर्जनए पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 में सामाजिक समाघात आंकलन अध्ययन की प्रक्रिया विहित है, परन्तु इस संबंध में संबंधित ग्राम पंचायत गौरीसर से परामर्श किये जाने पर यह जाहिर किया गया है कि उक्त कार्य क्षेत्र में कोई निर्माण अथवा आवास नही होने से पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन की आवश्यकता नहीं होगी तथा विस्थापित होने वाले परिवारों की संख्या शून्य है। इसलिए सामाजिक समाघात आंकलन (Social Impact Assessment) अध्ययन भी नहीं किया जाना समाचीन प्रतीत होता है। अतः उपर्युक्त परियोजना के लिए जिला-चूरूए तहसील रतनगढ़ के ग्राम खारिया, हरिपुरा में कुल 0.407 हेक्टेयर भूमि अधिसूचित की जाती है।

अधिग्रहित की जाने वाली भूमि की अनुसूची से सम्बन्ध सारणी ( सार संक्षेप)

| क्रम संख्या | जिला | तहसील | राजस्व ग्राम / नगर का नाम | प्रभावित भूमि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल खसरों की संख्या | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | चूरू | रतनगढ़ | खारिया, हरिपुरा | 03 | 0.407 |

भूमि योजना का निरीक्षण भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी रतनगढ़, जिला चूरू के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के कार्यावधि में किया जा सकता है।

भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 12 द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार सार्वजनिक निर्माण विभागए रतनगढ़ एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को अपने श्रमिकों सहित यदि कोई हो, को प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने तथा तलमापन करने, अवमृदा के भीतर खोदने या भेदन करने तथा वह समस्त कार्यए जो धारा 12 में वर्णित हैए को करने के लिए प्राधिकृत करती
है।

अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा और न ही किसी से करवायेगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नही करेगा परन्तु विशेष परिस्थितियों में आवश्यक होने पर ही अर्थात क्रय/विक्रयए रहनए स्वरूप / शीर्षक / भूउपयोग परिवर्तन सम्बन्धि कार्य इस अधिसूचना के जारी होने के पश्चात् बिना भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारीए रतनगढ़ जिला चूरू की पूर्वानुमति के नहीं करेगा।

इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिवस में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार को भूमि अर्जन से संबंधित कोई आपत्ति है तो अधिनियम की धारा -15 के अन्तर्गत आपत्ति भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी रतनगढ जिला चूरूए के समक्ष प्रस्तुत की जा सकेगी।

अतः एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि संलग्न अनुसूचि में उल्लेखित राजस्थान सरकार के परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 की घोषणा संख्या - 14.111, दिनांक 10.07.2024 द्वारा घोषित कार्य रेलवे अण्डर ब्रिज द्वारा स्वीकृत सेतु बंधन योजनान्तर्गत स्वीकृत रेलवे अण्डर ब्रिज (आर. यू.बी.) मोलीसर रतनगढ़ रेलवे स्टेशन (312 / 0-1) के मध्य आयुबी रतनगढ़ (चूरू) निर्माण / विकास के लिए जनहित में अर्जित किया जाना अत्यावश्यक है।

आर. के. लूथरा
संयुक्त सचिव (पथ)
सार्वजनिक निर्माण विभाग
राजस्थान जयपुर

DIPR/C/501/2026
राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय जयपुर

**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी.बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**
Email- msdbhchuru@gmail.com Phone- -01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/3679 दिनांकः- 13,1,26

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACB प्लांट जनरेटर का मुख्य पैनल क्रय / कार्य हेतु | 3.80 लाख | 22-01-25 | MHS2526SSOB05945 |
| 2 | सर्जरी ऑटी में सिस्टोस्कॉप एवं सहायक इंस्ट्रूमेंट क्रय हेतु | 9.00 लाख | 22-01-25 | MHS2526SSOB05942 |

सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी.बी.सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

DIPR/C/902/2026

**कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी ( कलक्टर), चूरू**
(Mail id-elestorechuru@gmail.com, dy.deo.churu@gmail.com Phone no.01562251450)
क्रमांकः एफ. 37(1)(1)/ चुनाव / लेखा / 2026 / 82 दिनांकः 09/01/2026

**Notice Inviting Bid - 01/2025-26**

Bids for Purchase of Many types of Items and Services are invited from interested Bidders up to 06.00 PM on dated 21.01.2026. Other perticulars of the Bid may be visited on the procurement portal (http//eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in) of the state. The approximate value of the procurement is as per Bid Document.

UBN No -

| | |
|---|---|
| 1 CCH2526 SLRC 00025 | 15.00 Lak |
| 2 CCH2526 GLRC 00024 | 15.00 Lak |
| 3 CCH2526 SLRC 00031 | 50.00 Lak |
| 4 CCH2526 SLRC 00026 | 50.00 Lak |
| 5 CCH2526 SLRC 00027 | 30.00 Lak |
| 6 CCH2526 GLRC 00028 | 15.00 Lak |
| 7 CCH2526 SLRC 00029 | 10.00 Lak |
| 8 CCH2526 GLRC 00030 | 5.00 Lak |
| 9 CCH2526 SLRC 00032 | 25.00 Lak |

(ABHISHEK SERANA)
District Election Officer

DIPR/C/973/2026

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांकः ग्रापं ढाणी स्वामियान् / ई. नि /2025-26/82-88 दिनांकः 20.01.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 08/2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रुपये) | धरोहर राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत ढाणी स्वामीयान् के ग्राम रामदेवरा तहसील बीदासर में रा.उ.मा.वि. मे 02 कक्षा कक्ष मय बरामदा का निर्माण साईज 25 गुणा 20 | 1800000 | 36000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 20.01.2026 प्रातः 10.00 बजे से 02.02.2026 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बेकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 02.02.2026 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 02.02.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1358 UBN No ZCR2526WSOB02349 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्
पंचायत समिति बीदासर

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्
पंचायत समिति बीदासर

# जयपुर जिले में 23 जनवरी से ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे ग्राम उत्थान शिविर

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

## 12 विभागों की योजनाओं की मिलेगी जानकारी, मौके पर होंगी स्वीकृतियां जारी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य सरकार की ओर से ग्राम-2026 (ग्लोबल राजस्थान एग्री-टेक मीट-2026) की तैयारियों एवं ग्रामीण उत्थान को गति देने के उद्देश्य से जयपुर जिले के गिरदावर सर्किल की समस्त ग्राम पंचायतों में एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का शुभारम्भ 23 जनवरी को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर किया जाएगा। शिविरों का आयोजन 23 जनवरी से प्रारम्भ होकर 24, 25 व 31 जनवरी तथा 1 एवं 5 से 9 फरवरी तक कुल 10 दिवसों में किया जाएगा। प्रत्येक गिरदावर वृत पर ये शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होंगे। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से ग्राम-2026 की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में आयोजित इन शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास व पंचायती राज सहित संबंधित विभागों की सहभागिता रहेगी। शिविरों के माध्यम से कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही स्वीकृतियां जारी की जाएंगी। शिविरों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए 22 जनवरी को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। कृषि व उद्यानिकी विभाग की ओर से तारबंदी, डिग्गी, पाइपलाइन, फार्म पॉण्ड, फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पंप संयंत्र की स्वीकृतियां, बैलों से खेती करने पर 30 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि, फसल बीमा एवं एमएसपी की जानकारी, आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, सोलर पंप व पॉलीहाउस के आवेदन तैयार करने सहित बीज एवं मिनी किट वितरण का सत्यापन किया जाएगा। कृषि विपणन विभाग की ओर से पीएमएफएमई के आवेदन तैयार करना, मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों का निस्तारण तथा किसान विश्राम स्थल निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। सहकारिता विभाग की ओर से 23 जनवरी को मुख्यमंत्री किसान निधि का डीबीटी, किसान क्रेडिट कार्ड आवेदन, एनसीओएल व एनसीईएल सदस्यता, नवीन गोदाम निर्माण, सहकारी बैंक खाते, स्वयं सहायता समूहों के ऋण, 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना एवं कस्टम हायरिंग सेंटर से संबंधित कार्य किए जाएंगे। पशुपालन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना अंतर्गत पंजीकरण, पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, पशु आहार व खनिज मिश्रण वितरण तथा गौशाला विकास योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। डेयरी (आरसीडीएफ) विभाग की ओर से पीडीसीएस/डीसीएस पंजीयन, नवीन सदस्यता, सरस बूथ एवं मार्ट आवंटन तथा सहकारी ऋण से संबंधित कार्य किए जाएंगे। मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का प्रचार-प्रसार एवं फार्म पॉण्ड में मछली पालन की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत गृह प्रवेश एवं चाबी सुपुर्दगी, वीबी-ग्राम-जी अभियान और दीनदयाल उपाध्याय योजना के सर्वे कार्य पूर्ण किए जाएंगे। पंचायती राज विभाग की ओर से 22 जनवरी को ग्राम सभाओं का आयोजन, स्वामित्व कार्ड वितरण व अनुपयोगी विद्यालय भवनों में नवीन ग्राम पंचायत कार्यालय प्रारम्भ किए जाएंगे। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से एसडीआरएफ की शेष अनुदान राशि का डीबीटी, उद्योग विभाग की ओर से युवा स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन तथा जल संसाधन विभाग की ओर से डब्ल्यूयूए को सक्रिय करने, वंदे गंगा संरक्षण अभियान व नहरों की मरम्मत आवश्यकताओं का चिन्हीकरण किया जाएगा। ऊर्जा विभाग की ओर से पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत पंजीकरण किए जाएंगे। बसंत पंचमी के अवसर पर 23 जनवरी को आयोजित प्रथम शिविर में सहकारिता विभाग की ओर से मुख्यमंत्री किसान निधि का डीबीटी एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित करते हुए किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी संबंधित विभागों के क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे गिरदावर सर्किल की समस्त ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

## श्री यादे माँ जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** श्री यादे माँ की जयंती पर प्रजापति समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही कई कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम का आयोजन ऊपरमाल प्रजापति नवयुवक मंडल संस्थान के तत्वावधान में किया गया।मंदाकिनी महादेव मंदिर में पूजा-अभिषेक के बाद गाजे-बाजे के साथ प्रारम्भ हुई शोभायात्रा में 28 गांवों से आए समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शोभायात्रा के दौरान आकर्षक झांकिया सजाई गई। मुख्य मार्गों से गुजर कर शोभायात्रा विंध्यवासिनी शक्तिपीठ पहुंची जहां महाआरती कर सामूहिक प्रसादी का आयोजन किया गया।

## विहिप-बजरंग दल ने महाराणा प्रताप को अर्पित की श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** विश्व हिंदू परिषद -बजरंग दल व श्री वीर बजरंग अखाड़ा की ओर से विंध्यवासिनी मन्दिर प्रांगण में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर विहिप प्रखड़ मंत्री दीपक गौड़ व श्री वीर बजरंग अखाड़े के वरदान नायक ने कहा कि दुःख का विषय है कि महाराणा प्रताप के ससुराल बिजौलियां में न तो उनकी कोई प्रतिमा हैं और ना ही स्मारक हैं। महाराणा प्रताप को सिर्फ भाषणों तक ही सीमित कर दिया गया है। उमेश शर्मा, अरविंद लक्षकार, नितिन कोली, शिवम तंवर , सुमित राजपूत, युक्ति जोशी, डोली राजपूत, आर्यन सेन, रुद्र नायक, जिया सेन समेत अखाड़े के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नितिन नवीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर श्रीगंगानगर भाजपा ने मनाई खुशियां



जयपुर टाइम्स

**श्रीगंगानगर(निस)।** नितिन नवीन के भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर श्रीगंगानगर भाजपा कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्री गंगानगर भाजपा जिला अध्यक्ष शरणपाल सिंह के नेतृत्व में खुशियां मनाई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे चलाकर अपनी खुशी का इजहार किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। बीजेपी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद और नितिन नवीन जिंदाबाद के नारों से कार्यकर्ताओं ने अपने जोश,खुशी और ऊर्जा को प्रकट किया । इस अवसर पर पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप धेरड़ ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है कि एक सामान्य परिवार का कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद तक पहुंच पाता है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से भाजपा को संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप धेरड़, जिला उपाध्यक्ष रतन गणेशगढ़िया, शिवप्रकाश तेहरपुरिया, मदन मेव, पूर्व सभापति श्याम धारीवाल, जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अनवर खान, नगर मंडल पूर्वी क्षेत्र अध्यक्ष अभिषेक दाधीच,भाजयुमो जिला मंत्री राहुल सहारण, जिला कार्यालय प्रभारी सुशील वर्मा,जिला कार्यालय मंत्री राजेश आहुजा, मंडल महामंत्री श्याम सुंदर सोनी,इंद्रजीत झाझड़िया व नवल किशोर शर्मा, मनोज कुमार नायक, महेश जोशी, अमित खन्ना,प्रदीप शर्मा, हिमांशु खन्ना, महेश जैन,साधुराम भोभरिया, महेश शर्मा,निशांत पारीक,अजय काठपाल, दिनेश शर्मा,मनोज यादव, हेमंत शर्मा, मांगीलाल उपाध्याय व सतपाल पन्नू सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी को बाबा श्याम का बागा किया जाएगा वितरित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के पावन अवसर पर अपना घर शालीमार स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा श्याम का बागा (पीताम्बरी वस्त्र) सुबह पूजा के पश्चात श्याम भक्तों को वितरित किया जाएगा। वहीं श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल के अध्यक्ष भानु प्रकाश सैन ने बताया कि इस शुभ अवसर पर सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में श्री श्याम मंदिर पहुँचकर बाबा श्याम की पावन पीताम्बरी प्राप्त करें और पुण्य लाभ अर्जित करें। उन्होंने बताया कि पीताम्बरी को बाबा श्याम की विशेष कृपा और आशीर्वाद का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस पावन वस्त्र में अद्भुत और अलौकिक शक्ति विद्यमान होती है। श्रद्धा भाव से धारण करने पर यह भक्तों के जीवन से रोग, शोक, भय, कष्ट और नकारात्मकता को दूर करती है। पीताम्बरी मन को शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। इससे परिवार में सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य लाभ और मानसिक संतुलन बना रहता है। उपाध्यक्ष जितेंद्र सेतिया ने बताया कि श्याम भक्तों के लिए पीताम्बरी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि बाबा की अनुकम्पा, अटूट आस्था और विश्वास का अमूल्य प्रतीक है, जो जीवन को भक्ति, आशा और विश्वास से भर देता है।




## जमीन धोखाधड़ी मामले में दस साल से फरार नरैना का पूर्व सरपंच रमेश मोरानी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**नरैना(निसं)।** नरैना ग्राम पंचायत के वर्ष 2005 से 10 तक सरपंच रहे रमेश मोरानी (सिंधी) को जमीन धोखाधड़ी मामले में जयपुर श्याम नगर थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पूर्व सरपंच रमेश मोरानी पुत्र नानग राम मोरानी श्याम नगर थाना पुलिस का गत दस साल से फरार वांटेड आरोपी था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ललित किशोर शर्मा ने बताया कि रमेश मोरानी ने जमीन सौदे के नाम पर धोखाधड़ी कर मोटी राशि हड़प करने के मामले में वर्ष 2016 से फरार चल रहा था। फरवरी 2016 में बगरू के कैरिया का वास निवासी जगदीश प्रसाद शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया कि जनवरी 2014 में रानी सती नगर पुलिस थाना श्याम नगर निवासी रमेश मोरानी पुत्र नानगराम मोरानी ने मजबूरी बताते हुए लगभग 300 बीघा जमीन बेचने का झांसा देकर पीड़ित जगदीश प्रसाद को विश्वास में लेकर 16 लाख रुपए नगद व 5 लाख रुपए का चेक ले लिया। इसके बाद रजिस्ट्री कराने के लिए मोरानी ने पीड़ित से 25 लाख रूपए ओर मांगे। जब पीड़ित ने रजिस्ट्री के लिए सम्पर्क किया तो आरोपी रमेश मोरानी ने फोन उठाना बंद कर दिया और फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ न्यायालय ने स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी कर रखा था। बता दें कि गत वर्ष धोखाधड़ी के आरोपी रमेश मोरानी के बड़े बेटे रवि मोरानी को भी मुहाना थाना पुलिस ने ज्वेलरी लूट की झूठी सूचना देने के लिए गिरफ्तार किया था। रवि मोरानी ने ज्वेलरी का इंश्योरेंस करवा रखा था और लूट की झूठी सूचना से वह इंश्योरेंस क्लेम पाना चाहता था लेकिन पुलिस जांच में उसकी सूचना गलत पाई गई। रमेश मोरानी व उसके पुत्र रवि मोरानी का धोखाधड़ी वाला कृत्य कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## आयुर्वेद शिविर में योग प्रशिक्षकों की अनदेखी, नाराजगी जताई

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शिवगंज स्थित टाउन हॉल में आयोजित 10 दिवसीय आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का समापन किया गया। शिविर में सिरोही राजकीय आयुर्वेद विभाग के डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ की ओर से प्रतिदिन सेवाएं दी गईं, जिनका विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान भी किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. राधेश्याम नोगिया, डॉ. गंगा विष्णु प्रसाद एवं उप निदेशक डॉ. दिनेश जोशी के निर्देशन में सिरोही जिले के योग प्रशिक्षकों को विशेष रूप से शिविर में सेवाएं देने के लिए आमंत्रित किया गया था। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिदिन सुबह7 से 8 बजे तक योग करवाए 9 बजे से शाम 6 बजे तक योग प्रशिक्षक, पंचकर्म सहायक के रूप में, अन्य कार्यों से मरीजों की सेवा की व लाभ पहुंचाया। हालांकि, योग प्रशिक्षकों को न तो कोई प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया और न ही मानदेय दिया गया। उन्हें केवल सम्मान स्वरूप एक तस्वीर देकर औपचारिकता निभाई गई, जिससे योग प्रशिक्षकों में गहरी नाराजगी देखी गई। इस संबंध में आयुष नर्सेज महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आयुर्वेद शिविर में योग की भूमिका महत्वपूर्ण होने के बावजूद योग प्रशिक्षकों की उपेक्षा करना अनुचित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विषय में वे राज्य के आयुर्वेद मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा से शिकायत करेंगे और योग प्रशिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र एवं शिविर में किए कार्य के लिए मानदेय दिलाने की मांग करेंगे। मामले को लेकर जिले के योग प्रशिक्षकों में रोष व्याप्त है और सभी ने एक स्वर में सेवाओं को उचित सम्मान दिए जाने की मांग की है ।

## ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** 132 केवी जीएसएस सुजानगढ़ से निकलने वाले 33 केवी छापर फीडर पर विद्युत तंत्र सुधार व मरम्मत कार्य हेतु बुधवार को सुबह 8 से 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता मुकेश कुमार देवड़ा ने बताया कि गोपालपुरा, गनोड़ा, गुलेरिया, छापर और रणधीसर से निकलने वाले फीडरों के समस्त ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

**Office of Chief Medical and Health Officer, Khairthal-Tijara**

S.No./NHM/Act./1037 Dated: 20-01-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for IEC and Printing are invited for interested bidders up to 29-01-2026 till 5.pm. Particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in in Approximate value of the procurement is Rs 50.00 Lakh

NIB NO.- MHS2526A4224
UBN NO.-MHS2526GLRC06051

**Chief Medical and Health officer**
**Khairthal-Tijara**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा. नि. विभाग, विद्युत खण्ड-द्वितीय, जयपुर**

क्रमांक :-1877 दिनांक :- 12.01.2026

**निविदा सूचना संख्याः 40/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से कार्य (1) राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर जयपुर में स्थापित फायर प्रोटेक्शन एवं फायर डिटेक्शन सिस्टम के वार्षिक संचालन एवं रख रखाव का कार्य ।(2.). राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर जयपुर में स्थापित 11 / 0.415 के. वी. सब स्टेशन एवं डी. जी. सैट के वार्षिक संचालन एवं रख रखाव का कार्य (3) राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर जयपुर में विभिन्न जगहों पर स्थापित लिफ्टों के वार्षिक रख रखाव का कार्य ।(4.). डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेयफेयर सोसाईटी, झालाना डूंगरी, जयपुर में रूफटॉफ सोलर पॉवर प्लान्ट प्रदाय व लगाने का कार्य हेतु उपर्युक्त विद्युत श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा मय दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरीयड) शर्त सहित विद्युत कार्यों हेतु आमंत्रित की जाती है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया https//eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन सम्पादित की जावेगी तथा क्रम संख्या 03 पर अंकित कार्य में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों के अतिरिक्त, सक्षम स्वीकृति उपरान्त मूल निर्माता कम्पनी या उनके अधिकृत डीलर्स एवं समान कार्य में अनुभवी अपंजीकृत फर्मे जिनके पास वैद्य विद्युत लाईसेन्स हो निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरणवेब साईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp तथा http//eproc, rajasthan.gov.in तथा http//sppp.rai.nic.in पर देखा जा सकता है।
इच्छुक संवेदको को ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेब साईट http//eproc. rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। शुद्धि-पत्र केवल http//eproc, rajasthan.gov.in वेब साईट पर अपलोड किए जाऐंगे।
UBN NO. PWD2526WSOB20814, PWD2526WSOB20815,
PWD2526WSOB20817, PWD2526WSOB20819,

(अरविन्द खत्री)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि. वि. विद्युत खण्ड-द्वितीय जयपुर
मो नं. 9829456575

DIPR/C/843/2026

**कार्यालय ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा, पं.स. कोटपूतली**

क्रमांक / ग्रा.प.ज. / ई-टेण्डर / 2025-26/147 दिनांकः 20.01.2026

**ई - निविदा सूचना 05/2025-26**

पंचायत समिति कोटपूतली के अधीनस्थ ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों को सम्पादित कराने हेतु राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग / जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग / सार्वजनिक निर्माण विभाग / जन संसाधन विभाग / नगर निगम एवं केन्द्रीय / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है। बोली शुल्क, अमानत / धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व बोली विशिष्ठियां का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. PFE2526A0125
UBN No.- PFE2526WSOB00331

प्रशासक
ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा

**कार्यालय ग्राम पंचायत पण्डितपुरा, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड़)**

क्रमांक-ग्रा.पं.प/निविदा/2025-26/82 दिनांक : 20/01/2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पण्डितपुरा में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए,बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड वर्ष) कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी-शिड्यूल अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http// sppp. rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO- ZJP2526WSRC02183

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पण्डितपुरा

प्रशासक
ग्राम पंचायत पण्डितपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत पाथरेड़ी, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड़)**

क्रमांक :- ग्रा.पं.पा/ निविदा / 2025-26 / 101 दिनांकः 18.01.2025

**ई - निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत पाथरेड़ी में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए.बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड दो वर्ष) एक कार्य के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी - शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN = ZJP2526WSOB02173

प्रशासक
ग्राम पंचायत पाथरेड़ी
पंचायत समिति पावटा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पाथरेड़ी
पंचायत समिति पावटा

**कार्यालय ग्राम पंचायत मण्ढा, पंचायत समिति पावटा (जयपुर)**

क्रमांक :- ग्रा.पं.म / निविदा / 2025 - 26 /120 दिनांकः- 19/01/26

**ई-निविदा सूचना 2024-25**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत मण्ढ़ा में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए, बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड वर्ष) कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी - शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ व www. eproc. rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN- ZIP2526WSRR02184
ZIP2526WSRR02185

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मण्ढ़ा

प्रशासक
ग्राम पंचायत मण्ढ़ा

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
21 जनवरी, 2026


## शादी का झांसा देकर ठगी करने वाली गैंग की मुख्य आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निस)।** शादी का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपये ऐंठने वाली अंतरराज्यीय ठग गिरोह की मुख्य आरोपी दुर्गा देवी को पाटन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रही थी। इससे पहले मामले में पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार आरोपी राजस्थान व हरियाणा के लोगों को निशाना बनाकर शादी करवाने के बाद झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम वसूलती थी। परिवादी की रिपोर्ट के अनुसार शादी के नाम पर 2.50 लाख रुपये लिए गए, इसके बाद शादी को जबरन बताकर 10 लाख रुपये की मांग की गई। रकम नहीं देने पर अपहरण व बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दिल्ली, गाजियाबाद, फरीदाबाद सहित कई स्थानों पर दबिश दी। साइबर सेल की मदद से आरोपी को दस्तयाब कर 20 जनवरी 2026 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से गहन पूछताछ जारी है।

## विद्यार्थियों ने रैली निकालकर दिया जल संरक्षण का संदेश




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता इकाई की ओर से अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जल संरक्षण को लेकर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय न. 7 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में आमजन को जल बचाने का संदेश दिया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में जल संरक्षण से संबंधित तख्तियां व नारे लगाकर लोगों को पानी के महत्व के प्रति जागरूक किया। जल है तो कल है, पानी बचाओ, भविष्य बचाओ जैसे नारों के माध्यम से विद्यार्थियों ने जल संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में पानी बचाने के सरल उपायों की जानकारी दी गई और उन्हें जल संरक्षण का संदेश अपने परिवार और समाज तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्योचंद ने बताया कि जल संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें नई पीढ़ी को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना रहा हैं। रैली में विद्यालय परिवार से अध्यापिका लिछी देवी, सरिता जाखड़, अध्यापक ओमप्रकाश व पवन सिंह का सराहनीय सहयोग रहा।

## शर्मा बने सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष, नागरिकों ने किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हड़ियाल के सरपंच राकेश शर्मा को सर्व ब्राह्मण महासभा राजस्थान का प्रदेशाध्यक्ष बनाए गए है। प्रदेशाध्यक्ष बनने पर कस्बे की पंचायत समिति के सभागार में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सर्वसमाज के लोगों ने नवमनोनीत प्रदेशाध्यक्ष शर्मा का माला व साफा पहनाकर व गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर एसडीएम राजेंद्र कुमार, विकास अधिकारी अशोक कुमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी छगनलाल छिम्पा, प्रशासक अमित सिहाग, राजेंद्र कुमार, दौलतराम, कृष्ण मेघवाल, मनोज व्यास, रमेश पारिक, सुभाष ज्याणी, दिनेश प्रजापत, राजेश कस्वां सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर की आतिशबाजी

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नितिन नबीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सुजानगढ़ मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया के नेतृत्व में शहर के गांधी चौक पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने भव्य जश्न मनाया। इस खुशी के मौके पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को बधाई दी। मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने कहा कि यह हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। नितिन नवीन के कुशल नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा, ऐसा हम सब का पूर्ण विश्वास है और भारतीय जनता पार्टी ही ऐसा संगठन है, जहाँ छोटे से छोटे कार्यकर्ता को उसकी लगन व कार्यक्षमता की वजह से बड़े से बड़ा पद दिया जा सकता है। इस अवसर पर एडवोकेट श्यामनारायण राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भागीरथ करवा, पार्षद तनसुख प्रजापत, गणेश मंडावरिया, दीनदयाल पारीक, पंकज घासोलिया, पुरुषोत्तम शर्मा, प्रेम स्वामी, खुशीराम चांदरा, प्रहलाद जाखड़, विद्याधर मेघवाल, मंडल उपाध्यक्ष अमरचंद सेन, सुमन सांभरिया, गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, मंडल मंत्री एड प्रियांशु लड़ा, यशोदा प्रजापत, मुरारी खंडेलवाल, राजेश सेन और श्रवणसिंह राठौड़, शिवभगवान चौहान, प्रदेश वाल्मीकि, एड राकेश जांगिड, लक्ष्मीकांत मिश्रा, युमो संयोजक हिमांशु भाटी, ललित गुर्जर, धीरज चारण, हर्ष बिनवारा, हितेश सेन, मनीष शर्मा, गोविंद कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 29वें जिला सम्मेलन किसानों की समस्याओं पर चर्चा

जयपुर टाइम्स





**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय किसान सभा का दो दिवसीय सम्मेलन सुजानगढ़ स्थित जाट छात्रावास में गगनचुंबी इंक़लाबी नारों के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर किसान सभा के संघर्षों के साथियों को याद करके दो मिनट को मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता किसान सभा के जिलाध्यक्ष इंद्रराज, तहसील अध्यक्ष तारानगर पूर्णाराम सरावग, तहसील अध्यक्ष सुजानगढ़ तेजपाल गोदारा सचिव रामनारायण रुलानीयां ने की। किसान सभा के जिला सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक कॉमरेड पेमाराम ने कहा कि किसान सभा ने देश की आजादी दिलाने से लेकर आज तक मेहनतकश वर्ग मजदूर किसानों के अधिकारों के लड़ाई लड़ रही हैं। जिनका रोटी से वास्ता हैं, उनका किसान से रिश्ता हैं। किसान सभा की अगुवाई में वामपंथी दलों जनवादी आंदोलनों की बदौलत मनरेगा योजना देश मे लागू हुई। लेकिन साथियों आज केंद्र सरकार रोजगार की गारंटी को नेस्तनाबूद करने के लिए मनरेगा को नाम बदलने के नाम पर नरेगा खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला सम्मेलन के अवसर पर जिला प्रभारी सागर खाचरियावास, भारत की जनवादी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष दीनदयाल गुलेरिया, राजस्थान शिक्षक शेखावत के शुभकरण चौधरी, एसएफआई जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी, सम्मेलन रिपोर्ट कमेटी के मदन जाखड़, सागर मेघवाल एवं मंच का संचालन उमराव सिंह, सुमन प्रजापत ने किया। कार्यक्रम में राज्य कमेटी सदस्य कॉमरेड निर्मल प्रजापत, चूरू इंचार्ज सागर खाचरिया, मदन जाखड़, सांवरमल मेघवाल आदि मंचस्थ रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सागर मेघवाल, सोनू, अजीतसिंह, दीनदयाल गुलेरिया, ओमप्रकाश डूडी, शुभकरण नैण, रामनारायण रूलाणिया, एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया आदि ने योगदान दिया। सम्मेलन बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहेगा।

## शहीद तखुराम बाना की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव खेजड़ा में शहीद तखुराम बाना की पावन स्मृति में शहीद तखुराम बाना प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता गांव खेजड़ा स्तर पर आयोजित होगी। जिसमें सभी मैच 12-12 ओवर के खेले जाएंगे। फाइनल मैच 15 ओवर का होगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21,000 नकद तथा उपविजेता टीम को 11,000 नकद पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता का संयोजक डॉ. अमित कुमार शर्मा की ओर से किया जा रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया। शाहिद तखुराम को 2 मिनट का मौन रखकर याद किया गया। उद्घाटन मैच खेजड़ा खूंखार व वॉरियर्स टीमों के बीच खेला गया। जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच का उद्घाटन गांव के समाजसेवी जेठू सिंह भाटी, भैरू सिंह भाटी, पालाराम मुंड, लीलाधर बोहरा, ओमप्रकाश बाना, मंजुल स्वामी, ब्रह्मानंद पारीक, लेखराम सारण व गौरी शंकर बाना व पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेजड़ा के वॉइस प्रिंसिपल मुखराम सारण की ओर से किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण व खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।। बता दे कि यह आयोजन खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ शहीद तखुराम बाना को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

## बाल यौन पीड़ितों के प्रतिकर मामलों पर बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** बाल यौन उत्पीड़न से पीड़ित बच्चों को शीघ्र न्याय व प्रतिकर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति, सीकर की बैठक सोमवार को एडीआर भवन में आयोजित की गई। बैठक राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर के निर्देशानुसार हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर की सचिव शालिनी गोयल ने की।बैठक में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) भावना शर्मा, बाल कल्याण समिति सीकर के सदस्य बिहारी लाल बालान और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनवरी 2026 में दर्ज बाल यौन उत्पीड़न से जुड़े 8 प्रकरणों की एफआईआर पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बाल कल्याण समिति को निर्देश दिए गए कि सभी मामलों में आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर प्रकरण शीघ्र एडीएम (शहर) को भेजे जाएं, ताकि प्रतिकर प्रक्रिया में देरी न हो। साथ ही सभी आवेदनों को नालसा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए। लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष कैंप आयोजित करने पर भी बैठक में सहमति बनी। इस संबंध में दो दिनों के भीतर लंबित मामलों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक में सदस्यों को मदद-सेतु पोर्टल की जानकारी भी दी गई। सचिव शालिनी गोयल ने बाल पीड़ित प्रतिकर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि इससे पीड़ित बच्चों को समय पर सहायता और न्याय मिल सकेगा।

## नितिन नबीन के भाजपा अध्यक्ष बनने पर जश्न का माहौल

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर शहर में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर स्थानीय घंटाघर के पास पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर जश्न मनाया। इस मौके पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना भाजपा की संगठनात्मक संस्कृति और कार्यकर्ता- आधारित राजनीति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ एक साधारण कार्यकर्ता भी मेहनत और समर्पण के बल पर शीर्ष पद तक पहुँच सकता है। उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक मजबूत होगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की बड़ी जीत बताते हुए कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाएगी। इस अवसर पर भाजपा नेता अर्जुन सिंह, दीनदयाल पारीक, ओम महर्षि, कौशल्या सैनी, कुसुम शर्मा, निरंजन रुंथला, दीपक मुरारका, हिम्मत सिंह, भीवराज प्रजापत, हेमंत पंवार, सुशील इंदौरिया, सुभाष भुण , महेश सेवदा, जीवन भाटी, जगदीश पंवार, कन्हैया लाल चौमाल सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## *राजकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह*

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में राजकीय महाविद्यालय में प्रथम बार वार्षिकोत्सव मनाया। कार्यक्रम में अध्यक्षता पूर्व विधायक अभिनेषम हर्षि मुख्य अतिथि हिम्मत सिंह मालासी विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिका अध्यक्ष गोपाल मारू, खेमराज पारीक, इन्द्रचन्द देवड़ा, निजी शिक्षण संस्थान के जिला अध्यक्ष भुनेश्वर शर्मा, आईटी सैल से अभय सोनी, मुकेश मारू, धनपत शर्मा, कुलदीप स्वामी, प्रकाश भार्गव, राजेश गर्ग, जुगल किशोर शास्त्री, अनिल दाधिच, नगराज सोनी, मनोज पारीक, पवन शर्मा मंचस्थ तुलसीराम पाण्डे रहे। कार्यक्रम की शुरूवात सरस्वती पूजा से शुरू हुआ। मंचस्थ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय की छात्राओ की ओर से स्वागत गायन प्रस्तुत किया। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से पधारे अतिथियों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। प्रतिभा झेझू की ओर से योग कला की प्रस्तुति दी गई, सभी ने उसके कौशल की तारीफ की। महाविद्यालय के प्राचार्य बीरबल महर्षी की ओर पूर्व विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। 15 जनवरी से 20 जनवरी तक महाविद्यालय में हुए खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का मेमेटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य बीरबल महर्षी ने कहा कि महाविद्यालय का यह पहला वार्षिकोत्सव है। जिसमें काफी छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। महाविद्यालय को स्नाकोत्तर करने, कई संकाय खोलने सहित महाविद्यालय में आवश्यक सामग्री को लेकर अतिथियों को अवगत करवाया है। पूर्व विधायक ने कहा कि अभिभावक को अपने बच्चे को जिस क्षेत्र में रूची हो उसी फिल्ड में आगे बढ़ाना चाहिए ताकी बच्चा बुलंदी तक पहुंचे। आज के युग में हर फिल्ड में बच्चा अपना भविष्य बना सकता है। बच्चे की रूची अनुसार फिल्ड चयन होने से बच्चा जल्दी सफलता हासिल कर सकता है। उन्होंने विधार्थियों से किसी भी क्षेत्र का चुनाव करो उसमें पूरी मेहनत के साथ करो सफलता आपको जरूर मिलेगी। महर्षी ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन की ओर से मिली आवश्यकता को राज्य सरकार तक पहुंचाकर पूरी करवाने की कोशीश करूंगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रशासन छात्र-छात्राओं सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## रक्तदान आज, तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**सरदारशहर(निस)।** शहर के बीकानेर रोड स्थित आदर्श कैंपस में आदर्श ग्रुप आफ एजुकेशन की ओर से लक्ष्मी देवी लाटा की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर आयोजन समिति ने बैठक कर सभी व्यवस्थाओं और तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। कार्यक्रम संयोजक महावीर प्रसाद लाटा ने बताया कि शिविर स्थल पर मेडिकल टीम, बेड और रक्तदाताओं के लिए अल्पाहार की समुचित व्यवस्था की गई है। गिरीश लाटा ने बताया शिविर का उद्घाटन उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा, समाजसेवी बृजमोहन सर्राफ व सेवानिवृत न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ श्यामसुंदर लाटा करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रहलाद पारीक नायब तहसीलदार, डॉ चंद्रभान, डॉ निर्मल पारीक, डॉ किशन सिहाग, डॉ वंदना भटनागर, समाजसेवी गणेश दास स्वामी, हुलासमल व्यास, सत्यनारायण झाझडिया, ओमदत्त सारण होगें।

## पार्षद रेंवतमल पंवार की भूख हड़ताल जारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा पार्षदों का धरना लगातार नगरपरिषद कार्यालय के सामने जारी है। धरने पर पार्षद रेंवतमल पंवार की भूख हड़ताल दूसरे दिन भी मंगलवार को जारी रही। कनिष्ठ अभियंता को एपीओ किए जाने की मांग को लेकर पार्षद की ओर से भूख हड़ताल की जा रही है। धरने पर पन्नालाल सोनी, गणेश मण्डावरिया, हरिओम खोड रविन्द्र पांडे, अशोक कुमार तिवाड़ी, महेश जोशी, राजकुमार बागड़ा, विनोद कुमार सरपटा, प्रदेश वाल्मीकि, हीरालाल तंवर, गिरधारी बुगालिया, बसंत दाधीच, मनीष दाधीच, प्रहलाद जाखड़ सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। वहीं भूख हड़ताल पर बैठे रेंवतमल पंवार की चिकित्सकीय जांच डॉ. रघुवीर तूनवाल ने की।

## जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायपुरिया में सराफ फाउंडेशन बेंगलुरु की ओर से विद्यालय के 75 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच बिहारी लाल बरोड की ओर से की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सराफ फाउंडेशन के प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद सराफ व विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा बृजेंद्र दाधीच, व्याख्याता अजीत सर जगदीश शर्मा व शांतनु अग्रवाल रहे। सर्वप्रथम विधालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की तत्पश्चात विधालय परिवार की ओर से अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। दाधिच ने अपने उद्बोधन में सराफ फाउंडेशन की ओर से जनहित में किए जा रहे निरन्तर सेवा कार्यों की भूरी -भूरी प्रशंसा करते हुए साधुवाद दिया। जगदीश शर्मा ने फाउंडेशन के बहुमुखी कार्यों की जानकारी दी। विधालय की प्रधानाचार्या संतोष पारीक ने फाउंडेशन का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर एस एम सी अध्यक्ष प्रभुदयाल शास्त्री, समाज सेवक किशोर सिंह, पंच कुंभाराम सैनी, सुमेर सिंह, रामचंद्र ढाका व सांवरमल शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुभाष शर्मा ने किया।

## 10 साल में 2 बार स्वीकृत होने के बाद भी नहीं बनी सीसी सड़क

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** चूरू के वार्ड नंबर 4 में 2 बार स्वीकृत होने के बाद भी सीसी सड़क नहीं बनी है। इससे नागरिकों में गहरा रोष है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 4 में गजल भाटी और यूसुफ खान के घर से रोहिताश चौधरी के घर तक लगभग 100 मीटर लंबी सड़क नहीं बनाई जा रही है। इस कारण नागरिकों को बहुत दिक्कत हो रही है। मजे की बात यह है कि यह सड़क सभापति गोविंद महनसरिया और पायल सैनी के कार्यकाल में दो बार स्वीकृत भी हो चुकी है। उसके बाद भी इस मार्ग पर सड़क का निर्माण आज तक नहीं हुआ है। मोहल्ले वालों ने बताया कि नगर परिषद आयुक्त, जिला कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों को बार बार अवगत करवा दिया है परंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यह शहर में सड़कों का जाल बिछाए जाने की बात कहने वालों के मुंह पर करारा तमाचा है। इसी तरह मोहम्मद अली भाटी और महावीर मेघवाल के घर से पंडित जी और गिरधारी चौधरी के घर तक भी सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। इससे नेताओं और अधिकारियों के दावों की पोल खुलकर सामने आ गई है। लोगों ने एक बार पुनः यहां सड़क का निर्माण करने की मांग की है। अब देखना यह है कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की आँखें कब खुलती हैं।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।